RNI-UPHIN/2009/30721




सोमवार 21 जुलाई 2025

सुर्योदय प्रात: 05 :37 बजे

सूर्यास्त सांय 19 : 19 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज



पृष्ठ 4 इच्छाशक्ति की विजय के प्रतीक थे फौज सिंह

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | वर्ष: 16 | अंक : 276 | गाजियाबाद, सोमवार 21 जुलाई 2025 | मूल्य : ₹ 2 | पेज : 06 | विक्रमी संवत् 2081 | युगाब्द 5126 | शाक 1946

केनरा बैंक Canara Bank
SCAN & PAY
UPI ID: 300012627000246@cnrb
BHIM UPI
Canara ai1 | CBDC | Paytm
Cred | PhonePe | Google Pay
DIGITAL RUPEE ACCEPTED HERE




## पहलगाम, ट्रम्प, बिहार मुद्दे पर मोदी से

# संसद को संबोधित करने की विपक्ष की मांग

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

सरकार की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों के नेताओं ने रविवार को एक स्वर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर पर संसद से देश को संबोधित करना चाहिए और बिहार में मतदाता सूची तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आरोपों पर जवाब देना चाहिए।

सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद, कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, 'इस सत्र में हम पहलगाम पर बात करेंगे। सीमा पर संघर्ष, प्रत्येक नागरिक के मतदान के अधिकार और बिहार में मतदाता पुनरीक्षण से संबंधित मुद्द पर प्रधानमंत्री को संसद से राष्ट्र को संबोधित करना चाहिए। उम्मीद है प्रधानमंत्री अपना नैतिक कर्तव्य निभाएंगे।"

समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव ने कहा कि उन्होंने बैठक में पहलगाम आतंकी हमला और इसमें खुफिया विफलता, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के सैन्य करवाई रोकने वाले बयान के साथ ही पांच जेट गिराए जाने संबंधी बयान, देश की विदेश नीति की विफलता का मुद्दा उठाया। उनका कहना था," विदेश नीति की विफलता





के कारण ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया के किसी देश ने हमारा साथ नहीं दिया। " अन्नाद्रमुक के एम थंबीदुरई ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में लगभग सभी दलों के नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े सवालों का जवाब देने के लिए संसद से देश को संबोधित करना चाहिए। उनका कहना था कि सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची का मामला भी उठाया।

आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने कहा कि उन्हें कहीं अन्यत्र जाना था इसलिए और बैठक बीच में छोड़कर के आए लेकिन उन्होंने बैठक में पार्टी की तरफ से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड के उन आरोपों पर सरकार का स्पष्टीकरण माँगा जिनमें पाँच जेट विमानों को गिराने की बात कही गई है। उन्होंने कहा 'मैंने बिहार में मतदाता पर बुलडोज़र कार्रवाई और अहमदाबाद विमान दुर्घटना में हमारे पायलटों को दोषी ठहराए जाने का मुद्दा उठाया।'

बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा ने कहा कि ओडिशा में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वश्त है और राज्य की भाजपा सरकार असहाय और विफल नज़र आ रही है।

## मणिपुर : 4 उग्रवादी पकड़े चुराचंदपुर में हथियार और गोला बारूद बरामद

✷ वेबवार्ता. इंफाल ✷

मणिपुर के इंफाल पूर्वी और इंफाल पश्चिम जिलों से सुरक्षाबलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, चुराचंदपुर जिले के लामजांग गांव से हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ है।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने शनिवार को इंफाल पश्चिम जिले के कंगला पाट से प्रतिबंधित संगठन 'यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपाक (यूपीपीके) के एक सक्रिय कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान 23 वर्षीय युमनाम प्रेम मेइती के रूप में हुई है।

इंफाल पश्चिमी जिले के पोलो ग्राउंड के पार्किंग क्षेत्र से शुक्रवार को कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) से जुड़े एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान 43 वर्षीय नानाओह के रूप में हुई है।

वह घाटी क्षेत्र में दुकानों से जबरन वसूली करता था। पुलिस ने कहा कि नानाओह आपराधिक धमकी और अवैध अदालतों के माध्यम से महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामलों में समूहों के बीच मध्यस्थता भी कराता था। प्रतिबंधित संगठन 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (पीआरईपीएके) के एक सक्रिय कैडर को शनिवार को इंफाल पूर्वी जिले के सेइजांग अवांग लेइकाई से गिरफ्तार किया।

## अनुच्छेद 370 को हटाना आतंकवाद का समाधान नहीं : उमर अब्दुल्ला

✷ वेबवार्ता. श्रीनगर ✷

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को इस बात को खारिज किया कि अनुच्छेद 370 को हटाना क्षेत्र में आतंकवाद का समाधान है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए पहलगाम हमले ने इस झूठ को पूरी तरह से साबित कर दिया है। अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में जारी आतंकवाद पाकिश्तान की मंशा का नतीजा है।

उन्होंने इस्लामाबाद को आगाह किया कि भारत अब किसी भी आतंकवादी हमले को युद्ध जैसी कार्रवाई मानता है। अब्दुल्ला ने कहा कि हम चाहे कुछ भी करें, अगर पाकिश्तान की आतंकी गतिविधि जारी रही तो हम कभी भी पूरी तरह से आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर हासिल नहीं कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने यह कहानी फैलाने की बहुत कोशिश की कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अनुच्छेद 370 का नतीजा है। हम जानते हैं कि यह सच नहीं है। अब्दुल्ला ने जोर देकर कहा कि सबसे बड़ी चुनौती पाकिश्तान को यह समझाना है कि इस तरह की गतिविधियों को उसका समर्थन हमारे लिए बुरा है, लेकिन यह पाकिश्तान के लिए भी उतना ही बुरा है।

उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के जिम्मेदारों की जवाबदेही तय करनी



होगी। हम जानते हैं कि यह सुरक्षा और खुफिया तंत्र की विफलता थी। उन्होंने पर्यटन को फिर से शुरू करने के लिए अपनी सरकार के प्रयासों पर जोर देते हुए कहा कि पर्यटन जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियां पैदा होंगी। प्रदेश सरकार अपने श्तर पर हर प्रयास कर रही है।

केंद्र से हश्तक्षेप का आग्रह उमर अब्दुल्ला ने रामबन जिले के एक निवासी की रिहाई के लिए केंद्र से हश्तक्षेप का आग्रह किया। कुछ दिनों पहले पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर में आतंकवादियों ने रंकित सिंह का अपहरण कर लिया था। सिंह की पत्नी शीला देवी ने कहा कि उनके पति नाइजर में एक बिजली वितरण कंपनी में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं।

परिवार का उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी से संपर्क करने की उनकी बार-बार की गई कोशिशों पर उन्हें कोई ठोस जवाब नहीं मिला।

## जस्टिस वर्मा के खिलाफ प्रस्ताव पर 100 से अधिक सांसदों के हस्ताक्षर

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग के नोटिस पर 100 से ज्यादा सांसदों ने हश्ताक्षर कर दिए हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद रिजिजू ने कहा कि नोटिस पर हश्ताक्षर प्रक्रिया जारी है। यह सवाल किए जाने पर कि जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग कब पेश किया जाएगा, उन्होंने कहा कि इस बारे में कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में निर्णय लिया जाएगा। सरकार लोकसभा में महाभियोग पेश कर सकती है। सरकार पहले ही कह चुकी है कि वह संसद के इसी सत्र में यह प्रश्ताव लाएगी और न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ इस कदम में उसे विपक्ष समेत विभिन्न दलों का समर्थन मिल रहा है। क्योंकि, यह सभी के लिए चिंता का विषय है।

## ठाणे में एयरहोस्टेस से दुष्कर्म सहकर्मी काबू

✷ वेबवार्ता. ठाणे ✷। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 23 वर्षीय एयरहोस्टेस से सहकर्मी ने अपने घर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवघर थाने के वरिष्ठ निरीक्षक धीरज कोली ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना 29 जून को हुई। घटना के सिलसिले में मीरा रोड क्षेत्र निवासी आरोपी व्यक्ति शुक्रवार को पकड़ा गया। 25 वर्षीय आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, आपराधिक धमकी आदि कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, महिला और उसका सहकर्मी लंदन की यात्रा कर 29 जून को शहर में लौटे थे। उनके मुंबई लौटने पर, आरोपी सहकर्मी पीड़िता को अपने घर ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। एसआई ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## कर्नाटक के धर्मस्थल में दो दशकों के अपराधों की जांच करेगी SIT

### सैकड़ों शवों को दफनाने के दावे के बाद सरकार ने लिया फैसला

✷ वेबवार्ता. बेंगलुरु ✷। कर्नाटक सरकार ने धर्मस्थल क्षेत्र में पिछले दो दशकों में हुई हत्याओं, यौन उत्पीड़न और महिलाओं के लापता होने के गंभीर आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। विशेष जांच दल का नेतृत्व आंतरिक सुरक्षा प्रभाग के पुलिस महानिदेशक प्रणव मोहंती करेंगे। इसके अन्य सदस्यों में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (भर्ती) एमएन अनुचेथ, पुलिस उपायुक्त (सीएआर मुख्यालय) सौम्या लता और पुलिस अधीक्षक (आंतरिक सुरक्षा प्रभाग) जितेंद्र कुमार दयामा शामिल हैं। यह कदम कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी के एक पत्र के जवाब में उठाया गया है। इसमें एक व्यक्ति द्वारा अदालत में दिए गए बयान का हवाला दिया गया था। शख्स ने दावा किया था कि धर्मस्थल क्षेत्र में सैकड़ों शव दफनाए गए थे।

## आंध्र प्रदेश शराब घोटाला : YSRCP सांसद मिधुन रेड्डी अदालत में पेश

✷ वेबवार्ता. विजयवाड़ा ✷। आंध्र प्रदेश के कथित शराब घोटाले में वाईएसआरसीपी सांसद मिधुन रेड्डी रविवार को अदालत में पेश किए गए। एसआईटी ने शनिवार को कई घंटे पूछताछ के बाद शाम 7:30 बजे उन्हें विजयवाड़ा में गिरफ्तार किया था। विशेष जांच दल (एसआईटी) पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान हुए कथित 3,500 करोड़ रुपये के शराब घोटाले की जांच कर रही है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह, एसआईटी के अधिकारी रेड्डी को विजयवाड़ा के एक सरकारी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उनकी मेडिकल जांच की। पुलिस अधिकारी ने बताया, मेडिकल टीम को कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं मिली।

## नेताओं को एक-दूसरे के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए : धनखड़

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

संसद का मानसून सत्र शुरू होने से एक दिन पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजनीतिक दलों के बीच सौहार्द और परस्पर सम्मान का आह्वान करते हुए कहा है कि नेताओं को एक-दूसरे के प्रति अभद्र भाषा का इश्तेमाल नहीं करना चाहिए। श्री धनखड़ ने रविवार को यहां राज्यसभा इंटर्नशिप प्रोग्राम के आठवें बैच के प्रतिभागियों के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एक राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा दूसरे दलों के नेताओं द्वारा अभद्र भाषा का इश्तेमाल किए जाने से संस्कृति का भला नहीं होता।



उन्होंने कहा, "मैं राजनीतिक जगत के सभी लोगों से अपील करता हूँ कि कृपया परस्पर सम्मान रखें। कृपया टेलीविजन पर या किसी भी पार्टी के नेतृत्व के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग न करें। यह संस्कृति हमारी सभ्यता का सार नहीं है। हमें अपनी भाषा के प्रति सावधान रहना होगा... व्यक्तिगत हमलों से बचें। मैं राजनेताओं से अपील करता हूँ। अब समय आ गया है कि हम राजनेताओं को गालियाँ देना बंद करें। जब विभिन्न राजनीतिक दलों में लोग दूसरे राजनीतिक दलों के वरिष्ठ लोगों को गालियाँ देते हैं, तो इससे हमारी संस्कृति का भला नहीं होता।"

उप राष्ट्रपति ने कहा कि उनका मानना है कि सभी राजनीतिक दल और प्रत्येक सांसद राष्ट्रवादी है। उन्होंने कहा, "अंततः वह राष्ट्र में विश्वास करते हैं। वह राष्ट्र की प्रगति में विश्वास करते हैं... लोकतंत्र कभी भी ऐसा नहीं होता जहाँ एक ही पार्टी सत्ता में आए। हमने अपने जीवनकाल में देखा है कि परिवर्तन राज्य श्तर पर, पंचायत श्तर पर, नगरपालिका श्तर पर होता है, यह एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। लेकिन एक बात निश्चित है, विकास की निरंतरता, हमारी सभ्यतागत लोकाचार की निरंतरता होनी चाहिए, और यह केवल एक पहलू से आती है। हमें लोकतांत्रिक संस्कृति का सम्मान करना चाहिए।"

श्री धनखड़ ने राजनीतिक टकराव को कम करने की अपील करते हुए कहा कि राजनीति कभी भी एकतरफा नहीं हो सकती। उन्होंने कहा, "एक समृद्ध लोकतंत्र निरंतर कटुता का माहौल बर्दाश्त नहीं कर सकता... जब आप राजनीतिक कटुता पाते हैं, जब आप राजनीतिक माहौल को एक अलग दिशा में पाते हैं, तो आपका मन विचलित होना चाहिए। मैं देश के सभी लोगों से आग्रह करता हूँ कि राजनीतिक तापमान को कम किया जाना चाहिए। राजनीति टकराव नहीं है, राजनीति कभी भी एकतरफा नहीं हो सकती।

## प्रधानमंत्री चार दिन की यात्रा पर ब्रिटेन और मालदीव जायेंगे

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को चार दिन की यात्रा पर ब्रिटेन और मालदीव जायेंगे जहां वह मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में 'मुख्य अतिथि' होंगे। श्री मोदी यात्रा के पहले चरण में 23 जुलाई को दो दिन की ब्रिटेन यात्रा पर रवाना होंगे और इसके बाद दूसरे चरण में वह 25 जुलाई को दो दिन की यात्रा पर मालदीव जायेंगे।

विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि श्री मोदी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर के निमंत्रण पर ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। ब्रिटेन में श्री मोदी अपने समकक्ष के साथ भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर व्यापक चर्चा करेंगे। वह क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री की राजा चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात की उम्मीद है। इस यात्रा के दौरान दोनों पक्ष व्यापार और अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की भी समीक्षा करेंगे।

## बरेका की ऐतिहासिक उपलब्धि, 2500वें विद्युत रेल इंजन का किया निर्माण



✷ वेबवार्ता. शिलांग ✷

बनारस रेल इंजन कारखाने ने 2017 में दो विद्युत इंजन के निर्माण के साथ अपना सफर शुरू किया था और अब इसने 2500वें इंजन बनाने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। कंपनी तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार की रोज नई ऊंचाइयों को छू रही है।

बरेका ने अब तक 10,822 लोकोमोटिव बनाये हैं, जिनमें 7498 डीज़ल इंजन और 2500 विद्युत इंजन शामिल है। इनमें से 641 गैर-रेलवे ग्राहकों के लिए, 174 निर्यातित डीज़ल इंजन, 01 ड्यूल ट्रैक्शन इंजन, 08 कन्वर्जन इंजन शामिल हैं।

बरेका ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य में योगदान देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 472 इलेक्ट्रिक लोको का निर्माण किया है। यह बरेका की उत्पादन क्षमता, दृढ़ इच्छाशक्ति और तकनीकी सामर्थ्य को दर्शाता है।

बरेका द्वारा निर्मित 2500वां विद्युत इंजन आधुनिक तकनीक से लैस डब्ल्यूएपी-7 श्रेणी का है, जिसमें 6000 एचपी क्षमता, वातानुकूलित कैब, रीजेनेरेटिव ब्रेकिंग और 140 किलोमीटर/घंटा की रफ्तार की क्षमता है। यह इंजन दक्षिण- पश्चिम रेलवे के कृष्णराजपुरम शेड को भेजा जा रहा है।

बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने 2500 वें लोकोमोटिव का लोकार्पण मीडिया की टीम की मौजूदगी में किया। कार्यक्रम की शुरुआत 'हॉल ऑफ फेम' में एक विश्तृत प्रश्तुतीकरण से हुई, जिसमें बरेका के निर्माण इतिहास, निर्यात उपलब्धियों, स्वदेशीकरण, हरित ऊर्जा प्रयासों एवं तकनीकी नवाचारों को रेखांकित किया

## बिहार में रोजगार मेले में उमड़ी भीड़ पर राहुल का सरकार पर हमला

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार



में एक रोजगार मेले में उमड़ी बेरोजगार युवकों की भारी भीड़ को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बिहार के युवा अब लच्छेदार बातों की फेर में आने वाले नहीं है बल्कि उन्हें रोजगार की गारंटी चाहिए और यह काम कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन ही कर सकता है।

श्री गांधी ने कहा कि बेरोजगार युवकों यह भीड़ बताती है कि बिहार के काबिल युवाओं के लिए सरकार रोजगार मुहैया नहीं कराई पा रही है। बिहार का युवा भाषण नहीं रोजगार चाहता है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार उन्हें रोजगार देने में विफल रही है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा 'महारोज़गार मेला में उमड़ा यह जनसैलाब सिर्फ़ एक भीड़ नहीं, एक संदेश है कि बिहार का युवा अब भाषणों पर नहीं, रोज़गार से अपना भविष्य चाहता है।

भाजपा और नीतीश सरकार ने बिहार को जिस तरह बेरोज़गारी की आग में झोंका, वहां से लाखों युवाओं को रोज़ी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ता है अपना गांव, अपना परिवार सब कुछ पीछे छोड़ना पड़ता है। बिहार के युवा कर्मठ हैं, काबिल हैं, होनहार हैं -उनकी ज़रूरत बस स्थानीय और सम्माननीय रोज़गार है।'

श्री गांधी ने कहा कि अब बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन सिर्फ़ आश्वासन नहीं, समाधान लेकर आया है। उन्होंने कहा 'हमारा फ़ोकस साफ़ है - हुनर को हक़, हर युवा को रोज़गार, रुके पलायन, साथ रहे हर परिवार। इसी राश्ते बनेगा एक समृद्ध बिहार।'

# योगी पहुंचे दिल्ली, तीन घंटे में तीन बड़े नेताओं से की मुलाकात

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के रविवार को अचानक दिल्ली पहुंचे और वहां पीएम नरेंद्र मोदी, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उनकी इन मुलाकातों ने राजनीति में हलचल पैदा कर दी है।

इनमें सबसे लंबी बातचीत जेपी नड्डा के साथ करीब एक घंटे तक चली, जिससे कई राजनीतिक संकेत निकाले जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आधिकारिक तौर पर बताया गया कि पीएम मोदी से योगी की मुलाकात जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर थी, जो अक्टूबर में होना है, लेकिन यह मुलाकातें सिर्फ शिष्टाचार मानी जाती, अगर इससे पहले दोनों डिप्टी सीएम की दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व से अलग-अलग मुलाकातें न हुई होतीं। इससे साफ है कि मुलाकातें सिर्फ औपचारिक नहीं, बल्कि इसके पीछे गंभीर संगठनात्मक और राजनीतिक कारण हैं।

यूपी में बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति अब अधर में है। यह पद रणनीतिक रूप से बेहद अहम है क्योंकि 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव और उससे पहले कई स्थानीय चुनाव हैं। साथ ही संगठन के पुनर्गठन की चर्चा भी तेज है, जिससे चुनावी तैयारी को धार दी जा सके। बीजेपी हाईकमान मंत्रिमंडल में बदलाव को लेकर भी विचार कर रहा है।

सूत्रों के मुताबिक कुछ मंत्रियों के प्रदर्शन से पार्टी संतुष्ट नहीं है। साथ ही, कुछ पर भ्रष्टाचार या कार्यशैली को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। जेपी नड्डा से मुलाकात में योगी ने संभावित नए चेहरों और मौजूदा मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड पर चर्चा की ऐसा माना जा रहा है।

बता दें अनुप्रिया पटेल, संजय निषाद, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', जैसे नेताओं की नाराजगी अब खुलकर सामने आ रही है। अफसरशाही से लेकर संगठन में उपेक्षा तक, कई सहयोगी मीडिया में बयानबाजी कर चुके हैं।

वहीं, ओबीसी और दलित वोट बैंक में बीजेपी की पकड़ कमजोर पड़ी है, खासकर 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद। इस पृष्ठभूमि में शीर्ष नेतृत्व के साथ यह चर्चा जरूरी हो गई थी कि इन नाराज वर्गों को कैसे फिर से जोड़ा जाए।

दिल्ली दौरे में सीएम योगी के हाथ में एक फाइल नजर आई, जिसे वे पीएम मोदी से मुलाकात के समय हाथ में लिए थे। कयास लगाए जा रहे हैं कि इसमें कई मुद्दों जैसे प्रशासनिक सुधार, बजट, परियोजनाओं की मंजूरी, सहयोगी दलों की रिपोर्ट आदि शामिल हो सकती है।

योगी का यह दौरा संकेत दे रहा है कि यूपी में संगठन और सरकार दोनों श्तरों पर बड़े बदलाव हो सकते हैं। हालांकि ये बदलाव कब और कैसे होंगे, इस पर पार्टी चुप है, लेकिन इतना तय है कि बीजेपी अब 2027 की तैयारी में कोई ढील नहीं बरतना चाहती है।

## प्रेस के लिए एकजुटता के साथ खड़े होने की जरूरत

संजय कुमार शर्मा/विशेष संपादकीय

युट्यूबर अजित अंजुम के खिलाफ FIR क्या दर्ज हुई सारे और अतिक्रमणकरी युट्यूबर एक जुट हो गए। कोई यह पूछने वाला नहीं कि किस अधिकार के साथ यूट्यूबर कहीं भी घुस जाते है। कैसे इनको प्रवेश दिया जाता है।

मैंने पहले भी लिखा था कि यूट्यूबर के लिए कोई कानून भारत मे नही है। यह ठेले पटरी वाले कि तरह है जो कहीं भी अपनी दुकान सजा लेते है। सरकार या सिस्टम जब इनपर कार्यवाही करता है तो प्रेस की स्वतंत्रता का मुद्दा उठता है। पहले तो यह समझना होगा कि प्रेस क्या है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (1) ( जी) में प्रेस को सूचना संकलन करने और उसका प्रसारण करने की बात की गई है। जिस समय भारतीय संविधान बनकर हुआ तो किसी ने खबरिया चैनलों, यूट्यूब, पोर्टल और सोशल मीडिया की कल्पना नही की थी। खबरिया चैनल आने के बाद केबल टीवी अधिनियम व अन्य कानून बने। अखबारों यानि प्रेस के लिए पहले से प्रेस एवं पुश्तक पंजीकरण अधिनियम मौजूद था। लेकिन सोशल मीडिया युट्यूब को लेकर कोई कानून नही है।

कोई भी व्यक्ति 5 -10 हजार खर्च कर युट्यूब पर एक आई बनाकर कर खड़ा हो जाता है जिसे वह चैनल का नाम दे देता है। आजकल खबरिया चैनलों से निकले बेरोजगार पत्रकारों ने भी यही काम कर रहे। 5- 10 हजार खर्च किया और बन गए चैनल के मालिक। मेरा इन युट्यूबरों से सवाल है कि ऐसी नौबत क्यो आई? इन्हें खबरिया चैनल से निकाल दिया गया अथवा चैनल की नौकरी छोड़ने को विवश होना पड़ा। मोदी सरकार ने वर्ष 2016 के बाद से भारतीय प्रेस और पत्रकारों की गर्दन मरोड़ना शुरू कर दिया था, जिसको लेकर मैंने और मेरे कई साथियों ने आंदोलन किया।

प्रेस यानि अखबार बचाओ की मुहिम में किसी भी तथाकथित बड़े पत्रकार यानि आज के युट्यूबर ने सहयोग नही किया। हमे तभी अंदाज हो गया था कि आने वाले दिन प्रेस के लिए अच्छे नही है। इसी दौरान एक प्रतिष्ठित और बड़े मीडिया हाऊस से सरकार ने ब्लैकमेलिंग करने का प्रयास किया। इसके तहत डीएवीपी ने मीडिया हाऊस से संबंधित समाचार पत्र को ब्लॉक कर विज्ञापन रोक दिए। करीब 6 महिने के बाद भाजपा और उपरोक्त मीडिया हाऊस में समझौता हुआ। तब जाकर विज्ञापन शुरू हुए। इसके बाद से भारतीय प्रेस या यूं कहें मीडिया के 'गोदी मीडिया' बनने की प्रक्रिया शुरू हुई। जो अब गोदी मीडिया के रूप में स्थापित हो चुकी है।

यहां मरहूम राहत इंदौरी साहब को एक शेर दोहराना चाहूंगा 'लगेगी आग शहर में तो आएंगे और भी कई घर जद में यहां सिर्फ मेरा ही मकान थोड़े है' यही हुआ। 2016 में शुरू हुई आग में कोई मीडिया हाऊसों के प्रकाशन, चैनल और छोटे मझोले अखबार बंद हुए। सैकड़ों प्रतिष्ठित पत्रकारों को नौकरी से हाथ धोना पड़ा। अखबारों की विकास दर न केवल थम गई बल्कि नेगेटिव हो गई। हालांकि सरकार ने इसे करोना के नाम पर ढकने का प्रयास किया। वर्तमान में बेरोजगारी की मार झेल रहे बेरोजागरों को पत्रकारिता में जिंदा रखने के लिए ठेली पटरी की तरह यूट्यूब का सहारा लेना पड़ा। हालांकि अब यूटयूब उनकी जीविका का प्रमुख साधन बन गया है। अगर 2016 के बाद तथाकथित बड़े पत्रकारों और मीडिया हाउसो ने लघु और मझोले अखबारों का साथ देकर केंद्र सरकार की प्रिंट मीडिया विज्ञापन नीति 2016 और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विज्ञापन नीति का खुलकर विरोध किया होता तो शायद आज यह हालत नही है। शायद पत्रकारों का उत्पीड़न भी नहीं होता। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पत्रकारों के संबंध में किसी भी उत्पीड़न का हर श्तर पर विरोध होना चाहिए। इसका मतलब यह कतई नहीं कि सरकार मनमानी करें और पत्रकारों के खिलाफ मुकदमे लिखवाए। देशभर के प्रेस और मीडिया हाउसहो को इस पर विचार करना चाहिए की इस सब का जिम्मेदार कौन है। इस सब को लेकर हमारी चेतना आज भी शून्य है। जरूरत है एकजुटता के साथ सरकारों के खिलाफ उठ खड़े होने की। वरना आने वाला समय और भी भयावह हो सकता है।

## CM ने भाजपा नेताओं के साथ दूधेश्वरनाथ मंदिर में किया दर्शन-पूजन

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गाजियाबाद पहुंचे। उन्होंने दूधेश्वरनाथ मंदिर जाकर भाजपा नेताओं के साथ दर्शन-पूजन किया। सीएम के दौरे को लेकर मंदिर के आसपास सुरक्षा चाक चौबंद रही। इस दौरान सांसद अतुल गर्ग और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी मंदिर में दर्शन किए।

ताजा जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दूधेश्वरनाथ मंदिर में दर्शन के बाद हापुड़ रोड स्थित पुलिस लाइन के लिए रवाना हो गए। इस दौरान कुछ देर के लिए ट्रैफिक रोका जाएगा। पुलिस लाइन से हेलीकॉप्टर के जरिए मेरठ के लिए उड़ान भरेंगे। मेरठ से सीएम कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करेंगे।

सावन माह में शिवभक्ति का उत्साह चरम पर है और इसी क्रम में 23 जुलाई को मनाई जाने वाली सावन शिवरात्रि पर दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में लाखों कांवड़िएं व शिवभक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। इस विशेष अवसर पर तीन दिवसीय कांवड़ मेला 21 जुलाई से शुरू होगा। शनिवार को महंत नारायण गिरि महाराज ने मंदिर परिसर में पत्रकार वर्ता कर बताया कि 22 जुलाई को त्रयोदशी का जल चढ़ेगा। त्रयोदशी सुबह 7:06 बजे लगेगी और रात 2:29 बजे समाप्त होगी।

## एंबुलेंस की टक्कर से दो कांवड़ियों की मौत, एक घायल

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

गाजियाबाद पुलिस आयुक्तालय (कमिश्नरेट) के मोदीनगर थाना क्षेत्र में एक एंबुलेंस ने स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे वाहन सवार दो कांवड़ियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि मोदीनगर थाना क्षेत्र के कदराबड़ा के पास दिल्ली-मेरठ रोड पर एक रेस्टोरेंट के सामने शनिवार रात करीब 11.45 बजे एक तेज रफ्तार निजी एम्बुलेंस ने विपरीत दिशा से आ रहे कांवड़ियों की स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें तीनों कांवड़िये घायल हो गए। उन्होंने बताया कि तीनों श्रद्धालु पवित्र गंगाजल लाने हरिद्वार जा रहे थे, जबकि मेरठ के एक अस्पताल में मरीज को छोड़ने के बाद एम्बुलेंस विपरीत दिशा से आ रही थी। डीसीपी ने बताया कि घायलों को एक निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दो को मृत घोषित कर दिया और एक का गंभीर हालत में इलाज किया जा रहा है। तिवारी ने बताया कि मृतकों की पहचान सचिन और रितिक के रूप में हुई है। उनकी उम्र लगभग 25 वर्ष आंकी गई है। पुलिस ने एम्बुलेंस को जब्त कर लिया गया है, वहीं चालक मोनू को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## फडणवीस से मुलाकात के बाद बदले उद्धव के तेवर

# बोले- एकजुट नहीं रहे तो एमवीए में रहने का कोई मतलब नहीं



**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ मुलाकात के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को एक चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) अगर एकजुट नहीं रहता है तो साथ रहने का कोई मतलब नहीं रह जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद विधानसभा चुनाव में एमवीए के नेताओं को घमंड हो गया। इसके कारण ही महाराष्ट्र में करारी शिकस्त मिली। उन्होंने गठबंधन में शामिल घटक दलों को आत्ममंथन की भी नसीहत दी है।

उद्धव ठाकरे ने सामना में सांसद संजय राउत को दिए साक्षात्कार में कहा, हम लोकसभा चुनावों में एक थे, लेकिन विधानसभा चुनावों में हमारा स्वार्थ सामने आ गया और हम हार गए। उन्होंने माना कि सीटों के बंटवारे को लेकर आखिरी दिन तक खींचतान चलती रही, जिससे जनता में गलत संदेश गया। उद्धव ने एमवीए के भविष्य पर चिंता जताते हुए कहा कि यदि वही गलतियां दोहराई गईं, तो साथ आने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। आपको बता दें कि कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने भी ठाकरे के बयान का समर्थन किया और कहा कि विपक्ष में घमंड और अव्यवस्था ने नुकसान पहुंचाया।

उद्धव ठाकरे ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की वैधता पर फिर से सवाल खड़े किए और कहा, अगर अमेरिका और यूरोप जैसे देश बैलेट पेपर से चुनाव करा सकते हैं, तो हम क्यों नहीं? उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी भी कभी ईवीएम के विरोध में बोले थे, बीजेपी को उन्हें सुनना चाहिए।

उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोगको धोंड्या पत्थर की संज्ञा देते हुए कहा कि, लोग उस पत्थर को पूजते हैं, लेकिन चुनाव आयोग के पास हमारे पार्टी का नाम और प्रतीक बदलने का अधिकार नहीं है। उन्होंने तीखा तंज कसते हुए कहा, अगर मैं चुनाव आयोग का नाम बदल दूं, तो क्या मुझे अधिकार मिल जाएगा?

उद्धव ठाकरे ने अपने बयान में यह भी कहा कि अब राज ठाकरे साथ आ गए हैं, जिससे संकेत मिलता है कि शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के बीच गठबंधन की संभावनाएं बन रही हैं।

# 3,200 करोड़ का शराब घोटाला, जगन मोहन रेड्डी की पार्टी से सांसद पीवी मिधुन रेड्डी गिरफ्तार



**अमरावती, एजेंसी।**
आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस से सांसद पीवी मिधुन रेड्डी को कथित 3,200 करोड़ के शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस घोटाले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल ने शनिवार को सांसद रेड्डी को सात घंटे की पूछताछ के बाद हिरासत में ले लिया। इससे पहले सांसद रेड्डी ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट और भारत के सुप्रीम कोर्ट में भी अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी लेकिन दोनों ही जगह से उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। यह घोटाला जगन मोहन रेड्डी के मुख्यमंत्री रहते हुए सामने आया था। रेड्डी सरकार द्वारा नई शराब नीति को घोषणा के बाद इसकी शुरुआत हुई थी। सांसद से पूछताछ के दौरान एसआईटी ने कथित शराब नीति में हेराफेरी, फर्जी कंपनियों के साथ वित्तीय लेन-देन और प्रमुख व्यक्तियों के साथ अघोषित बैठकें जैसे मुद्दे शामिल थे। सात घंटे चली पूछताछ के बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। सांसद की गिरफ्तारी के पहले राज्य की विपक्षी पार्टी वाईएसआरसीपी ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर प्रतिशोधात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया। पार्टी के वरिष्ठ नेता मलाडी विष्णु ने कहा कि मुख्यमंत्री नायडू पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी के करीबी लोगों के खिलाफ झूठे केस लगातार उन्हें पर कार्रवाई कर रहे हैं। हम जल्दी ही नायडू की साजिश को बेनकाब करेंगे। आपको बता दें इस मामले में रेड्डी से पहले पुलिस ने अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक इसमें धनुंजय रेड्डी, कृष्ण मोहन रेड्डी और बालाजी गोविंदप्पा भी शामिल हैं। राज्य में जगन मोहन रेड्डी की सरकार के दौरान अपनाई गई नई आबकारी नीति में हेरफेर को लेकर यह मामला सामने आया है। इसके मुताबिक 3200 करोड़ के इस घोटाले में कुछ शराब कंपनियों से रिश्वत लेकर उन्हें लाभ पहुंचाया गया। इस मामले पर एसआईटी का गठन उस वक्त किया गया जब वाई वेंकटेश्वर नामक एक व्यक्ति ने इस पर शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत में वेंकटेश ने रेड्डी की सरकार के दौरान सरकारी स्वामित्व वाली आध्र प्रदेश राज्य पेय निगम लिमिटेड में कामकाज की अनियमितताओं का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि नए और नकली शराब ब्रांडों के लिए खरीद के ऑर्डर दिए गए थे, और इनमें से कुछ वाईएसआरसीपी नेताओं से जुड़ी निजी कंपनियों द्वारा दिए गए थे।

# जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना ही सफल छात्र के गुणः अशफाक




✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के डिप्लोमा ऑडिटोरियम में ग्रेविटी क्लासेस के द्वारा कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें 200 से अधिक छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर छात्रों को उनकी सफलता के लिए टिप्स दिये गये।

ग्रेविटी क्लासेस के डायरेक्टर अकबर कमाल ने छात्रों को जेईई, नीट और ओलंपियाड के बारे में विश्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्रों को इस सेमिनार के माध्यम से भविष्य में अपनी तैयारी सुनियोजित और क्रमबद्ध तरीके से करने का अवसर मिलेगा। ग्रेविटी क्लासेस के संस्थापक मोहम्मद अशफाक ने कहा 'यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक मूल्यवान संसाधन होगा। भविष्य में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम अलीगढ़ में अलग-अलग जगहों पर आयोजित किये जाएंगे।

उन्होंने छात्रों को उनके जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए टिप्स देते हुए बताया कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना ही सफल छात्र के गुण होते हैं। बिना लक्ष्य के किसी भी कार्य में सफलता नहीं मिलती है।'

उन्होंने बताया कि वर्तमान में ग्रेविटी क्लासेस के द्वारा लखनऊ में करीब 300 छात्रों को निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। जबकि ऑनलाइन में करीब 3 से 4 हजार छात्र निःशुल्क क्लासेस कर रहे हैं। उन्होंने अलीगढ़ के छात्रों के बीच घोषणा की कि यदि कोई होनहार छात्र है और उसके सामने आर्थिक समस्या आती है, तो ग्रेविटी क्लासेस द्वारा अभी हाल ही में ऐसे करीब 25 छात्रों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अगर उन्हें छात्र पढ़ाई में जुझारू और होनहार मिले, तो यह संख्या भी 300 से अधिक होगी।

ग्रेविटी क्लासेस डायरेक्टर एचएस रिज़वी ने बताया कि यहां आने वाले छात्रों को जेईई और नीट के साथ-साथ ओलंपियाड की बेहतर तैयारी कराई जाएगी। छात्रों को उनके आगे आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

ऐसे होनहार छात्रों को ग्रेविटी क्लासेस के द्वारा विशेष सपोर्ट किया जाएगा। जिससे मिडिल क्लास या गरीब, किसान के परिवार में भी डॉक्टर और इंजीनियर को तैयार किया जा सके। इस मौके पर मुख्य अतिथि क्यूएच खान, अतिथि मुजीब अहमद अंसारी, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास मेहरोत्रा, साद हमीद, डॉ. शाहनवाज खान आदि शिक्षाविद् मौजूद रहे।

# एनीमल फीडर्स के 5वें स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए जीव-जन्तु प्रेमी

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

जीव-जन्तु कल्याण और संरक्षण के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य कर रहे युवा संगठन एनिमल फीडर्सका रविवार को ५वां स्थापना दिवस जीव सेवा सम्मेलन के रूप मेंउत्साहपूर्वक मनाया गया। गौरैया बचाओ, प्रकृति बचाओथीम पर आगामी कार्य योजना की सभी अतिथियों को शपथ भी दिलाई गई।

सम्मेलन मेंजीव-जन्तु रक्षा व संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे कईगणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ताऔर स्वयंसेवी संस्थाओंके साथ युवाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह ने होटल धीरज पैलेस के सिटी क्लब में आयोजित जीव सेवा सम्मेलन में युवाओं की संस्था एनीमल फीडर्स को युवाओं के लिए अनुकरणीय बताते हुए कहा कि मोबाइल फोन फोबिया के इस दौर में जीवों के प्रति दयाभाव और नियमित भोजन प्रदान करने वाली ऐसी संस्था अध्यक्ष यशमणि जैन के नेतृत्व में निश्चित ही अतुलनीय कार्य कर रही है।

साथ ही उन्होंने जिला पंचायत परिक्षेत्र में जीव-जन्तुओं के संरक्षण और उनके भोजन आदि की व्यवस्था के लिए संस्था के साथ एक अभियान मिलकर चलाने की बात भी कही। प्रशंसा करते हुए संस्था द्वारा गौरैया संरक्षण अभियान को हर संभव मदद दिलाए जाने का भरोसा भी दिलाया।

सम्मेलन अध्यक्ष व संस्था संरक्षक डॉ. पंकज धीरज ने प्रत्येक परिवार में जन्मदिन और वैवाहिक दिवस पर छांव और फलदायी पौधों को लगाने के साथ उनकेपल्लवित होने तक संरक्षण करने और हर घर में अन्य व जल पात्र रखन की नागरिकों से अपील की।

एनीमल फीडर्स के संस्थापक अध्यक्ष इंजी. यशमणि जैन ने संस्था की शुरूआत से पांच वर्षों के सफर के दौरान आने वाली परेशानियों के बावजूद, नागरिकों में गाय, स्वान (कुत्ता), चिड़िया आदि जीव-जन्तुओं के प्रति बड़े प्रेम और लगाव को संस्था के सेवा कार्यों की उपलब्धि बताया। जिसका सम्मेलन में एक वीडियो के द्वारा प्रदर्शन भी किया गया।

इस बीच जहां संस्था द्वारा शुरू किए गए बाउल ऑफ जॉय अभियान का लोकार्पण मिट्टी के जलपात्रों को अतिथियों को भेंट कर किया गया। वहीं, जीव-जन्तु रक्षा हेतु अतिथियों व सदस्यों ने शपथ भी ली। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था की उपाध्यक्ष युक्ति गुप्ता और हिमाद्री धीरज ने किया।

निर्देशिका मिंटू डागौर के नेतृत्व में विश्व भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जीव-जन्तु रक्षार्थ एक लघु नाटिका प्रश्तुत की। सम्मेलन में जीव-जन्तु सेवा करने वाले कार्यकर्ताओं, संस्थाओं और युवाओं को प्रशशित पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। संस्था का इस वर्ष का प्रमुख जीव सेवा सम्मान पशु चिकित्सक डॉ. विराम वार्ष्णेय को मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया गया।

लखनऊ में आवश्यक बैठक होने की बजह से सम्मेलन में नहीं आ पाए उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री संदीप सिंह का संस्था को शुभकामनाओं वाला संदेश भी दर्शाया गया।

सम्मेलन में प्रमुख रूप से गौसेवक कृष्णा गुप्ता, राज सक्सैना, ट्रैफिक पुलिसकर्मी प्रशांत तौमर, युवराज मणि जैन, गौरव यादव, फाल्गुनी धीरज, केतन, मोहित, अनुष्का, स्वाशित, अनुज, ऋतिक, हिमांशु राजपूत, मनीष, जतिन गुप्ता, सौम्या आदि उपस्थित रहे।

## सिंधु जल संधि पर रोक लगाना पाकिस्तान को करारा जवाब, जम्मू-कश्मीर को लाभ होगा : मनोज सिन्हा

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) एक ऐतिहासिक भूल थी और इस पर रोक लगाना पाकिस्तान को करारा जवाब है और इस कदम से केंद्र शासित प्रदेश को काफी लाभ होगा, जिससे वह अपनी वास्तविक जल विद्युत क्षमता का दोहन कर सकेगा।

उपराज्यपाल ने कहा, भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते, आतंकवाद और वार्ता एक साथ नहीं हो सकती तथा आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, सिंधु जल संधि पर रोक लगाना पाकिस्तान के लिए एक उचित जवाब है और इसके दूरगामी परिणाम होंगे, क्योंकि वह सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है। विमोचन करते हुए उपराज्यपाल ने इस संधि के विभिन्न ऐतिहासिक पहलुओं को सामने लाने के लिए लेखक को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए बधाई दी। सिन्हा ने कहा, भारत का पानी अब भारत के भीतर बहेगा और भारत में ही रहेगा। सिंधु जल संधि पर रोक के साथ, अब झेलम और चिनाब नदियों पर हमारा पूर्ण नियंत्रण है। उन्होंने कहा कि इससे जम्मू के बंजर क्षेत्रों की सिंचाई की जा सकेगी और जम्मू-कश्मीर में बुनियादी ढांचे के विकास में नयी गति आएगी। उपराज्यपाल ने कहा कि भारत अब बुनियादी ढांचे, बिजली संयंत्रों का निर्माण करेगा। सिन्हा ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गये नागरिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की और जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद पीड़ितों को सम्मान देने और न्याय दिलाने के अपने संकल्प को दोहराया।

# ईडी कोई ड्रोन या सुपर कॉप नहीं, जो हर मामले की जांच करे: मद्रास हाई कोर्ट

**चेन्नई, एजेंसी।**
मद्रास हाई कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की शक्तियों को लेकर अहम टिप्पणी की है। इसने कहा कि यह कोई घूमता हुआ गोला-बारूद या ड्रोन नहीं है जो अपनी मर्जी से कार्रवाई करे। न ही यह कोई सुपर कॉप है जिसे हर मामले की जांच करने का अधिकार मिला है। जस्टिस एमएस रामेश और वी लक्ष्मीनारायणन की खंडपीठ ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत ईडी की पावर को सीमित करने की बात कही। इसने आरकेएम पावरजेन प्राइवेट लिमिटेड की 901 करोड़ रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट को फ्रीज करने के ईडी के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने साफ किया कि पीएमएलए के तहत कार्रवाई तभी शुरू हो सकती है जब कोई निर्धारित अपराध (प्रीडिकेट ऑफेंस) और उससे उत्पन्न होने वाली अपराध की आय (प्रोसीड्स ऑफ क्राइम) मौजूद हो।

हाई कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में ईडी की शक्तियों की तुलना लिम्पेट माइन से की जिसे काम करने के लिए जहाज की आवश्यकता होती है, जहां जहाज प्रीडिकेट ऑफेंस और प्रोसीड्स ऑफ क्राइम का प्रतीक है। आरकेएम पावरजेन ने ईडी के 31 जनवरी के फ्रीज आदेश को चुनौती दी थी, जिसे कंपनी के सीनियर वकील बी कुमार ने पूर्व अदालती फैसलों की अनदेखी और नए सबूतों के अभाव में अवैध बताया। कंपनी




को 2006 में फतेहपुर ईस्ट कोल ब्लॉक आवंटित किया गया था जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में रद्द कर दिया था।

सीबीआई ने इस मामले में शुरू में एक एफआईआर दर्ज की थी लेकिन 2017 में इसे बंद कर दिया। इसके बावजूद, ईडी ने 2015 में पीएमएलए के तहत जांच शुरू की और कंपनी के खातों को फ्रीज कर दिया जिसे मद्रास हाई कोर्ट ने पहले रद्द कर दिया था। ताजा फैसले में कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई को कानूनी रूप से अस्वीकार्य करार दिया। इसने कहा कि पीएमएलए के तहत कार्रवाई में कानूनी रूप से तय प्रक्रिया का पालन करना जरूरी है।

# राजस्थान में चल रहा था अमेरिकी कोयले में मिलावट का काला धंधा

**राजस्थान, एजेंसी।**
राजस्थान पुलिस ने अमेरिका से आयातित कोयले में मिलावट कर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस फर्जीवाड़े के जरिए आरोपी खुद तो रोजाना लाखों रुपए की कमाई कर रहा था, लेकिन सीमेंट और स्टील फैक्ट्रियों को करोड़ों रुपए का चूना लगा रहा था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम इरफान (32) है, जो कि ट्रक चालकों से 5 से 7 हजार रुपए प्रति टन के हिसाब से कोयला खरीदता था और बदले में नकली डस्ट कोयला मिलाकर आगे भेज देता था। इससे वह महीने में 30 से 35 लाख रुपए की कमाई कर रहा था।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन ने आगे इस बारे में बताते हुए कहा कि सीआईडी (क्राइम इंवेस्टिगेशन टीम) टीम को पिछले कुछ समय से अमेरिकी कोयले की चोरी की सूचनाएं मिल रही थीं। यह गिरोह अमेरिका से आयातित उच्च गुणवत्ता वाले कोयले (पेट कोक) में मिलावट कर रहा था। जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाते हुए मुखबिरों की मदद ली और आरोपियों तक पुहंच गई। उन्होंने बताया कि इस गोरखधंधे को गुजरात के कुछ कोयला माफिया अंजाम दे रहे थे।

अधिकारी ने कहा कि मुखबिरों से मिली जानकारी के अनुसार गुजरात के कुछ कोयला माफियाओं ने पिंडवाड़ा-आबूरोड राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर भुजेला पर एक बंद फैक्ट्री किराए पर ले रखी थी। साथ ही इस अपराध को अंजाम देने के लिए उन्होंने कीमती कोयले को लाने-ले जाने वाले ट्रक ड्राइवरों से भी सांठ-गांठ कर ली थी।



उन्होंने कहा, ये शातिर अपराधी ट्रक चालकों को मोटी रकम का लालच देकर उनके ट्रकों से पांच से 10 टन शुद्ध विदेशी कोयला निकलवा लेते थे और उसकी जगह पर उतनी ही मात्रा में नकली कोयला पाउडर डस्ट मिला देते थे। पुलिस ने बताया कि ट्रकों से चुराए गए कीमती कोयले को इस गिरोह के लोग आगे छोटी औद्योगिक इकाइयों को ऊंचे दाम पर बेच देते थे और इस तरह लाखों रुपए की अवैध कमाई की जा रही थी।

मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस की विशेष टीम ने शुक्रवार को संदिग्ध फैक्ट्री परिसर पर छापा मारा और मौके से पुलिस ने दो ट्रक, एक लोडर, एक डोजर मशीन जब्त की और मुख्य आरोपी इरफान को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उनका गिरोह ट्रक चालकों से पांच-सात हजार रुपए प्रति टन के हिसाब से कोयला खरीद रहा था और ट्रक में नकली डस्ट कोयला मिलाकर आगे भेज देता था। इस तरह वे प्रतिदिन लगभग 15-20 टन कोयले की चोरी कर रहे थे, जिससे उन्हें रोजाना लगभग एक से 1.50 लाख रुपए की कमाई होती थी।

## खेत में मिला करीब 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी

**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**। थाना नहटौर क्षेत्र के फुलसंदा आश्रम के पीछे स्थित गन्ने के खेत में रविवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, शव पर किसी प्रकार की स्पष्ट चोट के निशान नहीं हैं। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं और पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच कर रही है। फिलहाल क्षेत्र में शांति बनी हुई है।

## चोरों को देखकर युवती बेहोश

**✷ एनसीआर टुडे. स्योहारा ✷**। गांव में चोरों को देखकर युवती बेहोश हो गई। युवती के साथ अन्य दूसरी युवती के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों को आता देख चोर मौके से फरार हो गए। थाना क्षेत्र के ग्राम कोलासागर निवासी ज्योति पुत्री प्रकाश सैनी ने बताया कि शनिवार की देर शाम वह अपने घर से अपने पिता को देखने के लिए अपनी चचेरी बहन के साथ अपने घेर में जा रही थी। इसी दौरान राश्ते में ज्योति को काले कपड़े पहने और मुंह पर लाल रंग लगाए हुए चार अजीब से दिखने वाले चोर दिखाई दिए। जिन्हें देखकर ज्योति बेहोश हो गई। ज्योति के बेहोश होने पर उसके चाचा की लड़की ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों को अपनी और आता देख सभी चोर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद से ग्रामीणों में चोरों को लेकर डर का माहौल बना हुआ है।

## इनरव्हील क्लब की नवीन सदस्यो को दिलाई गई शपथ

**✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷**। शनिवार देर शाम स्थानीय रश्तौगी धर्मशाला में इनरव्हील क्लब की नवीन सदस्यों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजित किया गया।इस दौरान क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन शालिनी गुप्ता के दिशानिर्देश पर चार नवीन सदस्यो स्वाति गुप्ता, मीनाक्षी मारवाड़ी, सुनयना वर्मा एवम सर्वेश शर्मा को क्लब के प्रति समर्पित रहने, क्लब के उद्देश्यों की पूर्ति एवम समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई गई। क्लब अध्यक्षा श्वेता शर्मा द्वारा चारो नवीन सदस्यो को लेपल पिन लगाकर एवम प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। क्लब सचिव निधि राजपूत ने क्लब द्वारा पूरे वर्ष में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा से अवगत कराया। कार्यक्रम के उपरांत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों सहित डा रितिका शर्मा, गीता शर्मा, सुमन राणा, प्रियंका रश्तोगी, प्रतिभा सिंह, शालिनी रश्तौगी, शैलजा मारवाड़ी, अलका मारवाड़ी, सुनीता मारवाड़ी, नितिका रश्तौगी, सीमा रानी आदि मौजूद रही।

## पैजानिया पुलिस चौकी पर कावड़ियों को पुलिस ने बाट फल और जल

**✷ एनसीआर टुडे. हल्दौर ✷**। ग्राम पैजनिया स्थित चौराहे पर हरिद्वार से कावड़ लेकर आ रहे कांवड़ियों को पुलिस टीम ने जल एवं फल वितरित कर उनकी सेवा की। रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राकेश वशियहष्ठ, थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैसला, स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी सोहन लाल शर्मा, उप निरीक्षक गुरचरण सिंह गिल, कांस्टेबल प्रवीण शर्मा, उदयवीर, राजीव कुमार ने पैजनिया चौराहे पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए लगाई गई पुलिस पिकेट पर जल की बोतलें एवं फल वितरित किए। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राकेश वशिष्ठ ने कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षा एवं से कुशल यात्रा के लिए हल्दौर पुलिस सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करने से कोई बड़ा धर्म नहीं है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि कोई भी असामाजिक तत्व कावड़ यात्रा मार्ग पर यदि किसी कांवड़ियें के साथ कोई अभद्र व्यवहार करता है तो उसे किसी भी रूप में माफ नहीं जाएगा।

## भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कुछ सदस्य भारतीय किसान यूनियन टिकेत ग्रुप में हुए शामिल

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷**। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के निम्न सदस्यों ने राजीव चौधरी, दयाराम प्रधान अपने कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक छोड़कर भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में हुए। भारतीय किसान यूनियन में पहले भी कई बार फूट पड़ी है और अलग-अलग संगठन बने हैं। इस मौके पर उनके साथ विवेक बालियान, अनुज प्रधान, निपंदर चौधरी, अरुण नेता, वरुण चौधरी, नवनीत चौधरी दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# ड्रोन से भयभीत एक व्यक्ति की छत से गिरकर मौत

**✷ एनसीआर टुडे. स्योहारा ✷**



शाम ढलने के बाद रात के अंधेरे में आकाश में ड्रोन उड़ते हुए नज़र आ रहे हैं कल देर रात क्षेत्र के कई अलग अलग गांव के व्यक्तियों नें आकाश में ड्रोन उड़ते हुए दिखाई देते नजर आ रहे है। गांव वालों ने आसमान में उड़ रहे ड्रोन की मोबाइल से वीडियो भी बनाई। ड्रोन दिखाई देने पर चोरों के आने का शोर हो गया। इस दौरान ड्रोन की वीडियो बनाते समय एक व्यक्ति की छत से गिरकर मौत हो गई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

शनिवार की देर रात्रि गांव कोलासागर में आसमान में ड्रोन उड़ने शुरू हो गए। इस दौरान गांव निवासी सुरेन्द्र शर्मा 42 वर्ष पुत्र भूपेंद्र सिंह अपनी छत पर चढ़ कर ड्रोन की वीडियो बनाने लगा तभी बह अचानक छत से नीचे गिरकर गंभीर रूपये से घायल हो गया। घायल को स्योहारा के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया।

चिकित्सक ने गंभीर हालत को देखते हुए मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान सुरेन्द्र और सोनू शर्मा पुत्र सगवा शर्मा 40 वर्ष ने दम तोड़ दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव वालों का कहना है की घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। इस संबंध में स्योहारा इंस्पेक्टर से जानकारी प्राप्त करनी करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

**रातभर आसमान मे उड़ते रहे ड्रोन**

शनिवार को दर्जनों गावों में दिन ढलते ही आसमान में ड्रोन उड़ने शुरू हो गए। ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए। क्षेत्र के गांव कुरी, रतनपुरा, मीरापुर, मेवलामाफी, नियमताबाद, जमालपुर जागीर, अनीशा नगली फैजुललापुर बहादरपुर बूढ़ेरन सहित कइ गांवों में भय का माहौल छाया रहा। गांव में लोग जागकर पहरा दे रहे हैं।

आसमान में रंग बिरंगी लाइटें दिखाई दीं। चोरों के डर से रात भर जाग रहे ग्रामीणों ने जैसे ही आसमान में रंग बिरंगी लाइट देखी तो उन्होंने ड्रोन होने का शोर मचा दिया। ग्रामीण अपने अपने घरों से बाहर आ गए।

कुछ युवकों ने अपने मोबाइल फोन से उसकी फोटो लेकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वायरल फोटो में ड्रोन साफ नजर आ रहे है। इस संबंध में अभय कुमार पांडे पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर बात की गई तो उन्होंने बताया की पुलिस इसकी छानबीन और कार्रवाई में लगी है पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### गावों में उड़ते ड्रोन से ग्रामीण डरे, चोरी डकैती जासूसी के लगा रहे कयास, कोतवाल मांग रहे कंबल

**स्योहारा।** क्षेत्र के कई गांवों में ड्रोन पिछले कई दिनों से मंडरा रहे हैं। ग्रामीण रात में डर के मारे जागकर पहरेदारी कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस को इसकी शिकायत की है, और जांच की मांग की है।

क्षेत्र के नोगरा, हिरणपुरा, देहरा बुलंदी सहित गांवों में आसमान में कई दिनों से ड्रोन मंडराते दिखायी दे रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक रात आठ बजे से 10 बजे रात तक गांव के ऊपर ड्रोन उड़ते दिखायी पड़ते है। इससे ग्रामीण डरे हुए हैं। किसी अनहोनी की आशंका में ग्रामीण अपनी छतों पर लाठी डंडा लेकर मुश्तैद हो जाते हैं। ग्रामीण रात-रात जागकर पहरेदारी करने को मजबूर हैं। आसमान में उड़ते ड्रोन से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने इस बात की शिकायत पुलिस से भी की है। इस संबंध में जब थाना प्रभारी अमित कुमार से बात की गई तो उन्होंने ड्रोन के मामले क़ो गंभीरता से ना लेते हुए पत्रकार से एक कंबल और दुकान की मांग की।

### ग्रामीणों के लिए मुसीबत बना ड्रोन

पिछले कई दिनों से गांव पर मंडरा रहा ड्रोन ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। डरे हुए ग्रामीणों की पहरेदारी करते हुए रात गुजर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कहीं कोई अप्रिय घटना न हो जाए, इसी आशंका से पुलिस को भी बताया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस से जल्द से जल्द ड्रोन उड़ने की वजह पता लगाए जाने की मांग की है।

गावों में उड़ रहे ड्रोन जहाँ लोगो की नींद उड़ाए हुए हैं। बही इस समस्या से बेफिक्र कोतवाल ने एक पत्रकार से एक कंबल और एक दुकान दिलाने की मांग की। शायद क्षेत्र में हो रही चोरियों से उन्हें कोई लेना देना नहीं हैं बह तो कंबल ओढ़ कर आराम करना चाहते हैं शायद इसीलिए उन्होंने कंबल और दुकान की मांग की। लेकिन पत्रकार कोतवाल साहब को तो कंबल नहीं दिला पाएंगे। एसपी को ही अपने कोतवाल की इच्छा पूरी करनी चाहिए। शायद उन्हें आराम की जरूरत हैं।

गावों में ड्रोन उड़ने की सूचना मिल रही हैं। ड्रोन क्यों उड़ रहे हैं इस मामले की जांच की जा रही हैं।

**सीओ, धामपुर-अभय कुमार पांडे**

## ऑक्सफ़ोर्ड पब्लिक स्कूल मे क्लास बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई

एनसीआर टुडे. नहटौर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्लास बोर्ड डेकोरेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्राइमरी वर्ग से कक्षा 1 ब और 3 अ ने प्रथम, कक्षा 2 ब और 3 ब ने द्वितीय व कक्षा 1 अ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में कक्षा 8 अ ने प्रथम, कक्षा 7 ब ने द्वितीय तथा कक्षा 7 अ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग से कक्षा 12 (पीसीबी) ने प्रथम, कक्षा 10 अ ने द्वितीय एवं 12 (कॉमर्स एवं मानविकी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णयाक मंडल में शिक्षक अनुज कुमार व रनवीर सिंह शामिल रहे। प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्रों में कर के सीखने की प्रवृत्ति को बल मिलता है। जिससे उनके बीच बौद्धिक, सामाजिक व सांस्कृतिक गुणों का विकास होता है। मोनिका शर्मा, निशात मिर्जा, विनसी चौधरी, अंजली रानी, नाज़यि सलमानी, विनीता देवी, पूनम मेहरोत्रा, रनदीप बग्गा, वर्षा चौहान, शाहीन परवीन आदि उपस्थित रहे।

## सांसद इकरा हसन के साथ हुए दुर्व्यवहार पर सपा ने की कार्यवाही की मांग

**ADM के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही हो : अख़लाक़ पप्पू**

**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**



बिजनौर समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अख़लाक़ पप्पू नें कहा कि सहारनपुर के एडीएम द्वारा देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा की सांसद इकरा हसन के साथ किया गया। दुर्व्यवहार बहुत ही निंदनीय है जिसकी उन्होंने कड़े शब्दो मे निंदा की और कहा कि एडीएम के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही हों।

सपा नेता ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के साथ किए गए दुर्व्यवहार लोकतंत्र की हत्या है। भाजपा सरकार मे नौकरशाही बेलगाम हों गई हैं। सरकारी अधिकारी निरंकुश व्यवहार कर रहे।

महिला सांसद के प्रति एडीऍम श्तर के अधिकारी द्वारा किए गए अपमानजनक व्यवहार से अनुमान लगाया जा सकता हैं कि आम आदमी के प्रति अधिकारियों का व्यवहार कैसा होगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी, सांसद विधायक एवं सवैधानिक पदों को न प्रोटोकॉल देते हैं और न ही उनके द्वारा बताए गए जनहित के कार्य करते हैं। इस प्रकार की कार्यशैली से लोकतंत्र का मज़ाक बनता जा रहा है।

## भूखंड दिलाने का झांसा देकर दस लाख रुपये ठगे

**✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷**

मोदीनगर के गांव भोजपुर निवासी एक युवक को औद्योगिक प्लॉट दिलाने का झांसा देकर दस लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव भोजपुर निवासी तरुण कुमार ने बताया कि गांव निवासी प्रवीण कुमार प्रॉपट्री डीलर का काम करता है। मैंने उसे औद्योगिक प्लॉट खरीदने की बात बताई। इसके बाद उसने 481 वर्ग गंज का एक प्लॉट दिखाया,जो पंसद आ गया। सौदा 38 लाख रुपए में तय हुआ। शुरु में दस लाख रुपए प्रवीण को दे दिए और बाकी रकम बैनामा के समय देने की बात तय हुई। काफी समय बीत जाने के बाद भी प्रवीण ने बैनामा नहीं किया और वह इधर-उधर की बात करने लगा। जब उससे दस लाख रुपए मांगे तो वह परिवार सहित जान से मारने की धमकी देने लगा।

पीड़ित ने इस संबंध में भेजपुर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने प्रवीण कुमार निवासी भोजपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अमीनाबाद में गंदगी और टूटी नाली बयां कर रही विकास की दास्ता, ग्रामीण परेशान

**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**



विकासखंड स्योहारा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमीनाबाद गांव में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। जिसका खामियाजा ग्राम वासी भुगत रहे हैं। गांव में जल निकासी व सफाई की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वश्त है।

जिसका कारण है कि सात आठ महीने पहले गांव में बाहर की ओर जिला लेवल से बनी सीसी रोड व नाली निर्माण का कार्य हुआ था जिसके चलते पानी की निकासी व ठेकेदार की लापरवाही के कारण सीसी रोड के पास नाली बनी दीवार ध्वश्त हो गई।

इस प्रकार आप अंदाजा लगा सकते हैं विकास कार्यों में ठेकेदार की कितनी बड़ी लापरवाही सामने आई है।

गांव में आने जाने के लिए बनी सड़क बदहाली का शिकार हो गई हैं। टूटी दीवार के कारण सड़क पर गन्दा पानी बह रहा है जिसके चलते ग्रामीणों को बीमारी का खतरा बना हुआ है।

जिम्मेदार की लापरवाही का सामना ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिम्मेदार व्यक्ति बिल्कुल शांत बैठे हुए हैं। नाली के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हो रहा है प्रशासन बिल्कुल शांत बैठा हुआ है।

इस बारे में ग्राम प्रधान पति हरि सिंह अमीनाबाद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह सड़क और दीवार का कार्य जिला पंचायत द्वारा किया गया ठेकेदार का नाम भीम सिंह बताया जा रहा है।

भीम सिंह से बात हुई तो उन्होंने कहा कि मेरे संज्ञान में नहीं है मैं सड़क के बारे में कुछ नहीं जानता मैं यह सड़क नहीं बनाई ग्राम प्रधान ने बताया था कि भीम सिंह ठेकेदार नहीं बनाई है

## करंट लगने से इलैक्ट्रिशियन की मौत परिजनों ने मकान मालिक पर लगाया आरोप

**✷ एनसीआर टुडे. चांदपुर ✷**



चांदपुर क्षेत्र के मोहल्ला सराय में शनिवार सुबह एक घर में बिजली का कार्य कर रहे एक इलैक्ट्रिशियन की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई।

मृतक की पहचान पारस पुत्र राजकुमार निवासी मोहल्ला सराय के रूप में हुई है। वह किसी स्थानीय व्यक्ति अल्लू के मकान में बिजली सुधार कार्य के लिए गया था, जहां करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का आरोप है कि जिस मकान में यह हादसा हुआ, उसके मालिक अल्लू पारस को बिजली के झटके से घायल देख चुपचाप घर बंद करके वहां से चले गए। जब परिजनों ने पारस के बारे में पूछताछ की और दबाव डाला, तब जाकर मकान मालिक ने स्थिति स्पष्ट की और बताया कि वह करंट लगने से घायल हो गया है। जब लोग मौके पर पहुंचे तो पारस मृत अवस्था में पड़ा था।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा की पूर्व विधायक कमलेश सैनी और नेता प्रमोद सिंह भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिवार को सांत्वना दी और हरसंभव सरकारी सहायता दिलवाने का आश्वासन दिया। कमलेश सैनी ने कहा कि सरकार से जो भी मुआवजा दिलाया जा सकता है, उसके लिए वह प्रयास करेगी।

मृतक पारस के दो छोटे बच्चे हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर बताई जा रही है। परिजनों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शिवभक्त कावड़ियों की सेवा में जुटे नगर के समाजसेवी

**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷**

नगर की प्रमुख समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के बैनर तले नगर के समाजसेवियों ने देवभूमि हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे, शिवभक्त कावड़ियों को केला और जल का प्रसाद वितरित किया।

रविवार को बड़ी संख्या में देवभूमि हरिद्वार से कावड़ लेकर, बम-बम भोले का जयघोष करते हुए, नगीना से होकर गुजर रहे शिवभक्त कावड़ियों को दिव्य सेवा संस्थान के सेवादारों ने थाना प्रभारी निरीक्षक नगीना तेजपाल सिंह के साथ नगीना धामपुर मार्ग पर सेठी चाप कॉर्नर के सामने स्थित संजीव अग्रवाल उर्फ विक्की के प्रतिष्ठान के सामने केले और जल की बोतले वितरित करके धर्म लाभ उठाया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने संस्था के सेवादारों द्वारा की जा रही नर सेवा को नारायण सेवा बताया। और उनके द्वारा की जा रही समाज सेवा की प्रशंसा की।

शिवभक्त कावड़ियों की सेवा में जुटे लोगों में थाना प्रभारी निरीक्षक नगीना तेजपाल सिंह, दिव्य सेवा संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा, व्यापारी नेता संजीव अग्रवाल उर्फ विक्की, सुनील सैनी एडवोकेट, बैंक प्रबंधक गोपाल सिंह,मनोज सैनी आढ़ती,मुनेश कुमार, ओमप्रकाश सिंह चौहान, राजेश सैनी, पेट्रोलियम विश्वविद्यालय देहरादून के छात्रअनुपम सिंह आदि मौजूद रहे।

## सावन माह में शिव महापुराण कथा का आयोजन



**✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷**

शिव महापुराण कथा से पूर्व नगीना नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा।

रविवार सुबह लगभग 8:00 बजे मंडी मौलगंज में स्थित लोकेश्वर नाथ मंदिर से कलश यात्रा प्रारम्भ होकर सैनी धर्मशाला कथा स्थल पर पूर्ण हुई। यह कलश यात्रा पंडित अजय तिवारी तथा कथा वाचक व्यास पूज्य आचार्य उमेश दुबे जी महाराज ( तीर्थ राज प्रयाग ) की अध्यक्षता में निकाली।

शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस श्री शिव महापुराण कथा वाचक व्यास पूज्य आचार्य उमेश दुबे जी महाराज ( तीर्थ राज प्रयाग ) ने शिव महापुराण के महात्म्य के बारे में बताया। शिव महापुराण कथा में सौनक सूत संवाद के माध्यम से मनुष्य के पाप काम क्रोध मद लोभ का नाश होता है शिव पुराण कथा श्रवण मात्र से देवराज ब्राह्मण उत्तम गति को प्राप्त हुआ।

चंचुला विंदुक दंपति काम की वासन से पीड़ित होकर के अपने धर्म से पतित हुए पुनः शिव पुराण की कथा सुनने मात्र से उत्तम गति को प्राप्त हुए। इस कथा में अजय शास्त्री जी, प्रहलाद कुशवाह, मनोज कुमार , जितेंद्र शर्मा, कंचन कुशवाहा, सुमन कुशवाहा, योगेश कुमारी, उषा देवी, सविता, रूपा, चीनू, मनीषा, खुशबू, पलक, शोभा, ललिता, सीमा, सोंटी नेहा अनूप बाल्मिकी तथा अन्य बहुत श्रद्धालुओं ने शिव महापुराण की कथा सुनकर पुण्य अर्जित किया।

## जिला कारागार में कैदी की मौत से मचा हड़कंप



**✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷**

जिला कारागार में एक कैदी की मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि जिला कारागार में कैदी आशु अमरोहा से चोरी की आरोप में बिजनौर जेल में बंद था उसी बैरक में दूसरा कैदी जाकिर भी बंद था।

किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया और इस बीच आशु बेहोश होकर फर्श पर गिर गया गया फिर उसको जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सको ने आशु को मृत घोषित कर दिया। एडीएम प्रशासन विनय कुमार और एसपी सिटी मनोज बाजपेई तुरंत जिला कारागार पहूंचे और जांच पड़ताल की। एएसपी सिटी ने बताया कि पूर्व में भी आशु नाम के कैदी का दूसरे कैदी से भी विवाद हुआ था उसकी भी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद ही पता लग पाएगा की मौत किन कारणों से हुई है।

## हाईटेक चोरों के सामने स्योहारा पुलिस नतमस्तक

**✷ एनसीआर टुडे. स्योहारा ✷**



एक तो आसमान में उड़ते ड्रोन और दूसरा चोरी के मामलों में पुलिस का नतमश्तक होना। ये ऐसे कारण हैं जो इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद करने का काम कर रहे हैं।

पुलिस की कार्यप्रणाली भी ऐसी है, जिसमें मार-पीट गली गलोच में तो तत्परता दिखाई जाती है, लेकिन चोरी और नकबजनी जैसे मामले दर्ज करने के बाद पुलिस न जाने क्यों ठण्डे बश्ते में डाल देती है। यह हम नहीं बता रहे लोगों का कहना हैं।

बंद मकानों को निशाना बनाना हो या दिनदहाड़े चोरी। चोर किसी भी वारदात को करने में पीछे नहीं हट रहे। चोरी का ग्राफ भी नीचे आने का नाम नहीं ले रहा। खास बात यह है कि चोरी और नकबजनी के मामले खोलने में पुलिस की कार्यप्रणाली भी धीमी है। फिलाल एक नया मामला अनीसानंगली से आया है।

जहां बीती रात्रि चोरों ने गुलनाज खातून पत्नी महमूद मलिक के घर पर धाबा बोल दिया। गुलनाज खातून ने बताया की बीती देर रात्रि बह सो रही थी की इसी दौरान उसके घर के दरबाजे पर किसी ने हाथ मारा। बह अपने बच्चो के साथ एकेली थी तो बह घबरा गईं। घर के बहार खडे लोगों ने महिला से दरवाजा खोलने के लिए कहा महिला ने छत पर पहुंचकर नीचे देखा तो मुंह पर कपड़ा बंधे हुए कुछ लोग खड़े हैं। जिन्हें देखकर महिला घबरा गई और घर के अंदर चली गई।

थोड़ी ही देर बाद महिला के दरवाजो से आबाज आनी बंद हो गईं। महिला को लगा शायद चोर चले गए और बह सो गई। इसके बाद सुबह को जब महिला उठी तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसके सभी घर का सामान बिखरा पड़ा था। महिला का कहना है कि चोर उसके घर मे रखे सोने के आभूषण और छ हजार रूपये की नकदी ले गए। घटना से गांव में भी डर का माहौल बना हुआ है।

## इंतजार मंसूरी नें नूरपुर में AIMIM को किया मजबूत

**एनसीआर टुडै. स्योहारा।** नूरपुर विधानसभा के गांव सदाफल में AIMIM पार्टी का एक कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। जिसके अध्यक्षता निसार अहमद ने की और संचालन जिला महासचिव इंतजार मंसूरी ने किया। AIMIM पार्टी के जिला अध्यक्ष मुफ्ती रियाद ने कार्यकर्ताओं से कहा पार्टी को मजबूत करें पार्टी की नीतियों का जन-जन तक पहुंचाएं और पार्टी को बूथ श्तर तक मजबूत करें।

बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब के हाथों को मजबूत करने का काम करें। हम उत्तर प्रदेश के अंदर मजबूती से चुनाव लड़ेंगे पार्टी आलाकमान जो फैसला लेगा वह हमें मानना होगा। इस वक्त तैयारी जिला परिषद चुनाव की चल रही है हमारी पार्टी भी इसमें हिस्सा लेगी और सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी।इंतजार मंसूरी ने कहा कि हमारे पास वोट था हमने दिगर पार्टियों को दे दिया

उनके हाथ में कटोरा था उन्होंने हमें दे दिया हमने उनको राजा बना दिया और उन्होंने हमें फकीर बना दिया। जिस शख्स को हमने नगीना से जीत कर भेजो और फर्श से अर्श पर बिठाने का काम जो हमने किया। होना तो यह चाहिए था कि वह हमारा एहसान ना बोलते लेकिन हो क्या रहा है हमारी कहीं सुनवाई नहीं नगीना लोकसभा में कोई काम नहीं हो रहा।

वह जब आते हैं तो कुछ चुनिंदा लोगों के घर ही आते हैं जनता से कभी नहीं मिलते वह ठेकेदारों से मिलते हैं। पार्टी से सदाफल के अंदर सैकड़ो की तादाद में लोग जुड़े और मोहम्मद नाजिम को विधानसभा अध्यक्ष नूरपुर बनाया गया। मोहम्मद इमरान को नगर अध्यक्ष स्योहारा बनाया गया।

## संपादकीय

# 'ग्रेटर इस्राईल' के निर्माण की राह पर इस्राइल?

सीरिया की सत्ता की बागडोर इस समय अहमद अल-शरा उर्फ़ अबू मोहम्मद अल-जुलानी नमक एक ऐसे विवादास्पद व्यक्ति के हाथों में है, जो एक आतंकवादी नेता से सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति की कुर्सी तक पहुंचा है। अलक़ायदा से निकले जुलानी के आतंकी संगठन हयात तहरीर अल-शाम HTS को संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन ने आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया था। पहले अमेरिका ने जुलानी पर 10 मिलियन डॉलर का इनाम भी रखा था। बाद में 14 मई 2025 को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जुलानी से मुलाक़ात की और सीरिया पर लगे प्रतिबंध हटा दिए, जिससे उनकी सरकार को मान्यता मिली। इस मुलाक़ात के समय सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भी मौजूद थे।

ग़ौरतलब है कि बशर अल-असद की सरकार का पतन 8 दिसंबर, 2024 को हुआ, जब विद्रोही गुटों, विशेष रूप से अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नेतृत्व वाले हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने सीरिया की राजधानी दमिश्क पर क़ब्ज़ा कर लिया। इसके बाद राष्ट्रपति बशर अल-असद अपने परिवार के साथ देश छोड़कर रूस चले गये। असद को रूस में राजनीतिक शरण दी गई। विद्रोहियों ने 27 नवंबर, 2024 को शुरू हुए एक तीव्र हमले के बाद, केवल 11 दिनों में ही बिना किसी ख़ूनी संघर्ष के असद सरकार को उखाड़ फेंका था। बशर अल-असद को सत्ता से हटाने व अबू मोहम्मद अल-जुलानी को आतंकी से सीरिया का अंतरिम राष्ट्रपति बनाने तक के सफ़र में अमेरिका व इस्राईल की महत्वपूर्ण भूमिका थी। अमेरिका व इस्राईल ने ऐसा इसलिये किया था क्योंकि बशर अल-असद का न केवल रूस की ओर झुकाव था बल्कि उन्हें ईरान समर्थित भी माना जा रहा था। इसीलिये शिया सुन्नी मतभेदों का लाभ लेकर कट्टर सुन्नी विचारधारा वाले अबू मोहम्मद अल-जुलानी को सत्ता सौंपी गयी।

आज उसी सीरिया पर इस्राईल तरह तरह के बहाने बनाकर हमलावर है। इस्राईली वायुसेना ने गत 16 जुलाई को सीरिया की राजधानी दमिश्क में सीरियाई सेना के मुख्यालय और दक्षिणी सीरिया के दर्रा और स्वीदा क्षेत्रों में सैन्य ठिकानों पर हवाई हमला किया। इस्राईल की ओर से हमले का उद्देश्य द्रूज़ व अन्य अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा के लिए उठाया जाने वाला रणनीतिक क़दम बताया गया। जबकि राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि ग़ज़ा में नरसंहार की इबारत लिखने वाली इस्राईली सेना का सीरिया में द्रूज़ समुदाय की सुरक्षा के लिए खड़े होने की बात करना ही अपने आप में हास्यास्पद है। दरअसल इस हमले का मक़सद व सन्देश सीरिया का असैनिकीकरण करना है।

इस बहाने वह अपनी सीमा से लगते सीरिया पर गिद्ध दृष्टि लगाए हुये है। अपनी इसी दूरगामी लक्ष्य को साधते हुये इस्राईल ने विशेष रूप से 2024 और 2025 में, सीरिया में कई हवाई और ज़मीनी हमले किए हैं। इन हमलों का मुख्य लक्ष्य सीरिया के सैन्य ठिकानों, हथियार भंडारों, और ईरान समर्थित समूहों (जैसे हिज़बुल्लाह) को निशाना बनाना रहा है। 2024 के दिसंबर में तो इस्राईल ने सीरिया के 250 से अधिक ठिकानों पर हमला किया, जिसमें 70-80% रणनीतिक सैन्य संपत्तियों को नष्ट करने का दावा किया गया था।

इसी तरह इस्राईल ने गोलान हाइट्स के पास बफ़र ज़ोन पर नियंत्रण बढ़ाया और दक्षिणी सीरिया में द्रूज़ समुदाय की सुरक्षा का हवाला देते हुए हमले किए। इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, ने इन हमलों को राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने और आतंकवादी समूहों या शत्रुतापूर्ण ताक़तों (जैसे ईरान और हिज़बुल्लाह) को सीरिया में मज़बूत होने से रोकने के लिए आवश्यक बताया।

वर्तमान समय में सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अबू मोहम्मद अल-जुलानी को अमेरिका व इस्राईल ने सत्ता पर बिठाकर इतना अलग थलग व असहाय कर दिया है कि वह न तो रूस की ओर देख सकता है न ईरान की ओर। उल्टे सीरिया की रही सही सैन्य क्षमता को भी समाप्त करने की भरपूर कोशिश की जा रही है। हालाँकि ताज़ा प्राप्त समाचारों के अनुसार इस्राइल और सीरिया के बीच युद्धविराम (सीज़ फ़ायर) की घोषणा की गई है। गत 17 जुलाई को, सीरिया के दक्षिणी शहर सुवायदा में ड्रूज़ अल्पसंख्यक और बेदुईन समुदायों के बीच हिंसक झड़पों के बाद, जिसमें इस्राइल ने हश्तक्षेप किया था, एक युद्धविराम पर सहमति बनने की ख़बर है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने घोषणा की है कि इस्राइल सहित सभी पक्षों ने युद्ध विराम के लिए सहमति जताई है। इस युद्ध विराम के के तहत सीरियाई सेना सुवायदा से वापस हट रही है, और ड्रूज़ नेताओं के साथ एक समझौता हुआ है जिसमें सैन्य कार्रवाइयां पूरी तरह से रोकने और क्षेत्र को सीरियाई राज्य में पूरी तरह से एकीकृत करने की बात शामिल है। अमेरिकी दूत टॉम बैरक ने भी पुष्टि की है कि इस्राइल और सीरिया ने तुर्की, जॉर्डन और अन्य पड़ोसी देशों के समर्थन से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। इस्राइल ने सुवायदा में सीरियाई आंतरिक सुरक्षा बलों को 48 घंटों के लिए सीमित प्रवेश की अनुमति भी दी है ताकि व्यवस्था बहाल की जा सके।

इन्हीं ख़बरों के बीच कुछ ड्रूज़ नेताओं, जैसे शेख़ हिकमत अल-हजरी, ने इस युद्धविराम को ख़ारिज कर दिया है और लड़ाई जारी रखने की बात कही है, जिससे युद्ध विराम की स्थिरता पर भी सवाल उठ रहे हैं। इसी वजह से यह युद्धविराम नाज़ुक भी माना जा रहा है, क्योंकि पहले भी एक युद्धविराम कुछ ही घंटों में टूट चुका है। स्थिति अभी भी तनावपूर्ण है, और यह स्पष्ट नहीं है कि यह समझौता लंबे समय तक कायम रहेगा भी अथवा नहीं। परन्तु बशर अल-असद को सत्ता से बेदख़ल करने से लेकर अपने पिट्ठू अंतरिम राष्ट्रपति जुलानी के दौर में भी सीरिया को सैन्य विहीन करने के लिये चलाया जाने वाला इस्राईली सैन्य अभियान इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफ़ी है कि गोलान की पहाड़ियों पर क़ब्ज़ा जमाने के बाद अब इस्राईल की कुदृष्टि सीरिया पर लगी हुई है। और कोई आश्चर्य नहीं कि इसके लिये ख़ुद अंतरिम राष्ट्रपति अबू मोहम्मद अल-जुलानी को ही अमेरिका-इस्राईल का मोहरा बनने के लिये बाध्य होना पड़े। पूरे विश्व के लिये यह आँखें खोलने का अवसर है और मध्य एशिया में अमेरिकी मोहरे के रूप में इश्तेमाल किये जा रहे इस्राईल के इरादों को समझने का वक़्त है। यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि फ़िलिश्तीन पर क़ब्ज़े के बड़े हिस्से पर क़ब्ज़े के बाद अब ग़ज़ा के नरसंहार से लेकर सीरियाई हमलों तक इस्राईल 'ग्रेटर इस्राईल' के निर्माण की राह पर आगे बढ़ने के लिये प्रयासरत है?

# इच्छाशक्ति की विजय के प्रतीक थे फौज सिंह

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

मशहूर एथलीट फौजा सिंह का 114 साल की उम्र में सड़क हादसे में निधन, अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट, पंजाब विधानसभा में पेश बेअदबी विरोधी विधेयक पर इस हफ्ते पंजाबी अखबारों ने अपनी राय प्रमुखता से रखी।

चंडीगढ़ से प्रकाशित 'पंजाबी ट्रिब्यून' अपने संपादकीय में लिखता है- 114 वर्षीय मैराथन धावक फ़ौजा सिंह की अपने गृहनगर जालंधर के निकट एक सड़क दुर्घटना में मौत ने उस जीवन का अंत कर दिया, जिसने उम्र, सहनशक्ति और साहस की सीमाओं को चुनौती दी थी। वह सिर्फ़ एक बुजुर्ग मैराथन धावक नहीं थे, बल्कि समय की मार पर मानवीय इच्छाशक्ति की विजय के प्रतीक थे।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने जन्म प्रमाण पत्र की कमी के कारण उनके रिकॉर्ड को दर्ज करने से इनकार कर दिया, लेकिन फौजा सिंह को अपनी पात्रता साबित करने के लिए किसी भी कागजात की आवश्यकता नहीं थी और उन्होंने अपनी दौड़ जारी रखी। फौजा सिंह ने अपनी पहचान से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने लंदन मैराथन में बिना पगड़ी के दौड़ने से इनकार कर दिया।

फौजा सिंह ने लोगों में उम्मीद जगाई और अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया कि उम्र किसी भी चीज़ में बाधा नहीं बन सकती। उनकी प्रसिद्धि वैश्विक श्तर पर तब फैली जब उनकी तुलना मुहम्मद अली और डेविड बेकहम से की जाने लगी। अन्य लोगों के साथ, वह एडिडास के असंभव कुछ भी नहीं अभियान का चेहरा बन गए। जालंधर से प्रकाशित पंजाबी जागरण लिखता है- फौजा सिंह ने बार-बार साबित किया कि उम्र बस एक संख्या है। अगर आपमें जुनून और साहस है, तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं है। दुनिया उन्हें टर्बन्ड टॉरनेडो के नाम से जानती थी क्योंकि भारत के प्रसिद्ध लेखक और पत्रकार खुशवंत सिंह ने टर्बन्ड टॉरनेडो शीर्षक से उनकी जीवनी लिखी थी।

सिमरनजीत सिंह ने बच्चों के लिए एक किताब लिखी, फौजा सिंह कीप्स गोइंग, जो सिख चरित्र पर केंद्रित पहली प्रमुख बच्चों की किताब थी। उनके जीवन पर कई वृत्तचित्र और फ़िल्में बनीं, जिनमें फ़ौजा सिंहः स्पिरिट ऑफ़ द मैराथन और अनब्रोकन शामिल हैं। अखबार आगे लिखता है— साल 2013 में, 101 वर्ष की आयु में, फौजा सिंह ने दौड़ से संन्यास ले लिया, लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य, आनंद और दान के लिए दौड़ना जारी रखा।

सादगी, शाकाहारी जीवनशैली और सिख सिद्धांतों के प्रति समर्पण ने उन्हें न केवल एक महान एथलीट बनाया, बल्कि एक प्रेरक व्यक्तित्व भी बनाया। उनकी विरासत पंजाब, पंजाबियों और दुनिया भर के लोगों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।

जालंधर से प्रकाशित अज दी आवाज लिखता है— फौजा सिंह जब जागो, तब जागो के आदर्श वाक्य के प्रत्यक्ष उदाहरण थे। उनके शुरुआती दिन बेहद चुनौतीपूर्ण थे। सरदार फौजा सिंह उन लोगों के लिए भी एक बेहतरीन उदाहरण रहेंगे जो उम्र की बाधाओं के कारण हिम्मत हार जाते हैं।

चंडीगढ़ से प्रकाशित 'रोजाना स्पोक्समैन' अपने संपादकीय शीर्षक युगपुरुष का निधन में लिखता है— फौजा सिंह ने दुनिया के लगभग सभी महत्वपूर्ण शहरों में मैराथन स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। ऐसा करने के पीछे कोई आर्थिक महत्वाकांक्षा या लालच नहीं था बल्कि अगर कोई पुरस्कार राशि होती, तो उसे सामाजिक या धार्मिक कार्यों के लिए दान कर देते थे। उनका पूरा जीवन इस कथन का उदाहरण है कि जो उम्र को बंधन नहीं मानते, उनके लिए किसी भी उम्र में आसमान से कोई दुर्लभ रत्न उतार लाना कोई मुश्किल काम नहीं है।

पंचकूला से प्रकाशित 'निर्भय सोच' लिखता है— वे एक महान व्यक्ति थे। वे सिख जगत के लिए गौरव का स्रोत थे। उन्होंने विश्व में सिखों की पहचान बनाने में बहुमूल्य योगदान दिया है। उनका जीवन आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणा का स्रोत रहेगा।




बीते 12 जून को अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के एक महीने बाद जारी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर चंडीगढ़ से प्रकाशित पंजाबी ट्रिब्यून लिखता है— विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान के उड़ान भरने के एक सेकंड के भीतर ही इंजनों को ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी गई थी। क्या यह सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण हुआ या मानवीय भूल के कारण? इस अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न ने गंभीर अटकलों को जन्म दिया है, जबकि एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने यह आरोप लगाया है कि जांच में पायलट की गलती को स्वीकार किया गया है, और ऐसा प्रतीत होता है कि समय से पहले ही निष्कर्ष पर पहुंच गई है। अखबार लिखता है— इस दुर्घटना ने लोगों की विश्वसनीयता को भी गहरा धक्का पहुंचाया है।

जालंधर से प्रकाशित 'अजीत' लिखता है— अहमदाबाद विमान हादसा देश के हवाई यात्रा इतिहास का सबसे बुरा हादसा था। इसने हवाई यात्रा की सुरक्षा के बारे में कई सवाल खड़े किए हैं। एक महीने बाद जारी दुर्घटना की पहली रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि यह मानवीय भूल थी या तकनीकी गड़बड़ी। पूरी और विश्तृत रिपोर्ट जारी होने में महीनों या सालों भी लग सकते हैं। अखबार लिखता है— भले ही आज हवाई यात्रा प्रणाली को हर दृष्टि से दोषरहित बनाने के लिए बहुत कुछ किया गया है, फिर भी ऐसी दुर्घटना का होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और विमानन कंपनियों के लिए भी एक बड़ी चुनौती है।

पटियाला से प्रकाशित चढ़दीकलां लिखता है, यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुर्घटना के बाद विमानन नियामक और संबंधित कंपनियों ने जो सतर्कता और गंभीरता दिखाई, वह पहले नहीं दिखाई गई थी? अगर नहीं, तो अभी इसकी ज़रूरत क्यों है? तो क्या अनिवार्य सावधानियों की यह व्यवस्था भविष्य में भी प्रासंगिक रहेगी? यह सवाल इसलिए भी अहम है क्योंकि आमतौर पर किसी दुर्घटना से मिले सबक का असर प्रशासनिक व्यवस्था पर ज़्यादा देर तक नहीं रहता और व्यवस्था फिर से उसी ढर्रे पर चलने लगती है।

पंजाब में धर्मग्रंथों के अपमान यानी बेअदबी से जुड़ा बेअदबी विरोधी विधेयक बीते दिनों विधानसभा में पेश किया गया। बेअदबी विधेयक पर पटियाला से प्रकाशित चढ़दीकलां लिखता है— आम आदमी पार्टी ने पंजाब की जनता से यह वादा किया था कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के दोषियों को कड़ी सज़ा दी जाएगी। विपक्ष इस सरकार पर आरोप लगाता रहा है कि उसने पिछले साढ़े तीन वर्षों में बेअदबी के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। जैसा कि कहते हैं, देर आए दुरुश्त आए। पंजाब विधानसभा ने धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी के विरुद्ध विशेष विधेयक को पारित करने के लिए विशेष सत्र बुलाया था। इस विधेयक पर चार घंटे तक बहस हुई।

चंडीगढ़ से प्रकाशित 'रोजाना स्पोक्समैन' लिखता है- 'पंजाब पवित्र धर्मग्रंथों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम विधेयक, 2025 शीर्षक वाले इस नए विधेयक में श्री गुरु ग्रंथ साहिब, भगवद् गीता, कुरान शरीफ और बाइबिल जैसे पवित्र धार्मिक ग्रंथों का अपमान करने वालों के लिए आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान किया गया है। विधेयक पर बहस के दौरान भाजपा विधायकों ने मांग की कि हनुमान चालीसा और राम चरित मानस को भी इस विधेयक के दायरे में लाया जाना चाहिए। अखबार लिखता है— पंजाब में बेअदबी बड़ा संवेदनशील मुद्दा रहा है। पूर्ववर्ती भाजपा-अकाली दल और कांग्रेस सरकारों को इस मुद्दे पर जनता का गुस्सा झेलना पड़ा है। इससे पहले तीन बार बेअदबी विधेयक विफल हो चुका है। अब चौथे विधेयक को पहले तीन विधेयकों जैसा बनने से बचाने के लिए ज़रूरी है कि सभी पुराने और नए क़ानूनी पहलुओं पर गंभीरता से विचार किया जाए। मुद्दे की गंभीरता और संवदेनशीलता के मद्देनजर विधेयक को विधायकों की एक प्रवर समिति को सौंपने का निर्णय लिया गया। समिति इसके प्रावधानों पर जनता सहित सभी हितधारकों से सुझाव मांगेगी, और छह महीने में अपनी रिपोर्ट प्रश्तुत करेगी।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार है)**

# सफल रहा डॉ. मोहन यादव का स्पेन दौरा, एमपी बनेगा निवेश और रोजगार का ग्लोबल हब

**हर्षवर्धन पान्डे**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का हालिया स्पेन दौरा राज्य के आर्थिक और तकनीकी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। यह दौरा केवल एक अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक यात्रा नहीं था, बल्कि मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश, नवाचार और तकनीकी सहयोग के मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करने का एक सशक्त प्रयास भी था। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इन्वेस्टर्स फ्रेंडली नीतियों के चलते आज एमपी विदेशी निवेशकों के लिए एक आकर्षक डेस्टिनेशन बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने दौरे में स्पेन के उद्योगपतियों और निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। स्पेन दौरे के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को वैश्विक मंच पर एक उभरते हुए निवेश-अनुकूल राज्य के रूप में प्रश्तुत किया।

डॉ. मोहन यादव ने बार्सिलोना और मैड्रिड जैसे प्रमुख स्पेनिश शहरों का दौरा किया और वहां की विभिन्न औद्योगिक, तकनीकी और नवाचार केंद्रित संस्थाओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश संभावनाओं, श्रमशक्ति, संसाधनों और सरकार की इन्वेस्टर्स फ्रैंडली नीतियों को प्रस्तुत करते हुए विदेशी निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया।

मध्यप्रदेश को स्पेन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने " इन्वेस्ट इन एमपी " पहल के तहत वैश्विक निवेश मंच पर बेहतरीन ढंग से प्रश्तुत किया। डॉ. मोहन यादव ने बार्सिलोना और मैड्रिड जैसे प्रमुख स्पेनिश शहरों का दौरा किया और वहां की विभिन्न औद्योगिक, तकनीकी और नवाचार केंद्रित संस्थाओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश संभावनाओं, श्रमशक्ति, संसाधनों और सरकार की नीतियों को प्रस्तुत करते हुए विदेशी निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। मध्यप्रदेश को एक ईको फ्रेंडली टेक्सटाइल हब के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रश्तुत किया गया।

पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क की स्पेन के निवेशकों के बीच जबरदश्त ब्रांडिंग की गई जहाँ निवेश की संभावनाओं पर सीएम का पूरा जोर रहा। मैड्रिड में आयोजित इन्वेस्ट इन मध्य प्रदेश बिजनेस फोरम में मुख्यमंत्री ने निवेशकों को संबोधित किया। उन्होंने मध्य प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, निवेश-अनुकूल नीतियों और लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइलऔर नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों पर प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री ने भारत और स्पेन के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समानताओं का उल्लेख करते हुए दोनों देशों को भाई-भाई के रूप में वर्णित किया। उन्होंने स्पेन के साथ भारत के 9.32 बिलियन डॉलर के व्यापारिक संबंधों को रेखांकित किया और इसे और मजबूत करने की संभावनाओं पर जोर दिया। स्पेन की अग्रणी कंपनियों और संस्थानों के साथ मुख्यमंत्री ने कई समझौतों और प्रश्तावों पर विचार-विमर्श किया।

विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट सिटी विकास, स्वच्छ जल प्रबंधन, एग्रीटेक और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावनाओं पर सकारात्मक बातचीत हुई। फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, हरित ऊर्जा, खनन सहित कई क्षेत्रों में निवेश के नए द्वार मुख्यमंत्री डॉ.यादव के स्पेन दौरे ने खोले हैं।

बार्सिलोना में कई महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने डेटा सेंटर कूलिंग तकनीक में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी सबमर के मुख्यालय का दौरा किया और मध्यप्रदेश में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए संभावित निवेश और साझेदारी पर चर्चा की। स्पेन यात्रा में सबमर के साथ मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम का एक समझौता हुआ जिसके तहत टिकाऊ डेटा सेंटर और इमर्शन कूलिंग तकनीक पर सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

यह मध्यप्रदेश को एआई और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसके अलावा विश्व प्रसिद्ध परिधान कंपनी इन्डिटेक्स के साथ टेक्सटाइल सेक्टर में सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। रॉका ग्रुप और हेलोटेक्स ग्रुप जैसी नामी गिरामी कंपनियों के साथ भी कई बैठकें हुई जिनमें टेक्सटाइल, सेनेटरीवेयर और टिकाऊ सड़क निर्माण तकनीक जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाएं तलाशी गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने स्पेन के निवेशकों को मध्य प्रदेश की 18 औद्योगिक नीतियों और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं से अवगत कराया जो इसे निवेश के लिए आकर्षक बनाती हैं। विश्व की अग्रणी टेक्सटाइल मशीनरी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक उच्च श्तरीय राउंड टेबल बैठक की। बैठक ने मध्यप्रदेश को टेक्सटाइल मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने और यूरोपीय टेक्नोलॉजी प्रोवाइडर्स के साथ साझेदारी को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बैठक में यूरोपीय टेक्सटाइल मशीनरी कंपनियों को मध्यप्रदेश में अपनी उत्पादन इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित कर आमंत्रित किया गया। मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल मशीनरी मैन्युफैक्चरिंग हब की स्थापना से लेकर भारतीय और यूरोपीय कंपनियों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देते हुए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और नॉलेज एक्सचेंज की संभावनाओं पर गहन मंथन हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बार्सिलोना स्थित फीरा दे बार्सिलोना मोंटजुइक मेला परिसर का भी दौरा किया। 1932 में स्थापित यह केंद्र बार्सिलोना के ऐतिहासिक मोंटजुइक क्षेत्र में स्थित है, जो सांस्कृतिक और स्थापत्य कला के नजरिए से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह यूरोप के सबसे बड़े व्यापार मेलों में से एक है। यहां उन्होंने स्मार्ट सिटी मॉडल को समझा और मध्यप्रदेश में अंतरराष्ट्रीय श्तर के निवेश सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री के इस दौरे का मुख्य मकसद स्पेन के स्मार्ट सिटी मॉडल, एनवायरमेंटल मैनेजमेंट, अर्बन मोबिलिटी और इनोवेशन सिस्टम का अवलोकन करना था, जिससे मध्यप्रदेश में भी विकास को तेज गति दी जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 250 एकड़ में फैले विशाल कैंपस मर्काबारना के फल-सब्जी बाजार का भी दौरा किया और कैटेलोनिया के विदेश मंत्री जैम डच गुइलोट के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

उन्होंने कहा कि यहां फलों और सब्जियों की क्वालिटी, पैकिंग, प्रोसेसिंग और वितरण की आधुनिक व्यवस्था किसानों के लिए अनुकरणीय मॉडल है। मध्यप्रदेश में फलों का उत्पादन बढ़ रहा है। ऐसे में इस तरह के बाजार मॉडल से राज्य के किसानों को लाभ मिल सकता है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के स्पेन दौरे के दौरान सबमर टेक्नोलॉजीज ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ एमओयू साइन किया। इस समझौते का उद्देश्य प्रदेश में टिकाऊ डेटा सेंटर स्थापित करना और निवेश को बढ़ावा देना है। सबमर कंपनी इमर्शन कूलिंग सॉल्यूशन और ग्रीन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान केंद्रित करेगी जिससे मध्यप्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी।

स्पेन की सोलर और विंड एनर्जी कंपनियों ने मध्यप्रदेश में उत्पादन इकाइयां लगाने में रुचि दिखाई। बार्सिलोना के तकनीकी स्टार्टअप इन्क्यूबेशन सेंटर्स के साथ साझा शोध और स्टार्टअप सहयोग की पहल की गई। स्पेन की पर्यटन कंपनियों ने मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को वैश्विक मंच पर प्रमोट करने में रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पेन दौरे से न केवल राज्य में बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे युवाओं के लिए उच्च तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे।

मोहन सरकार की मंशा है कि स्पेन के साथ मिलकर स्किल डवलपमेंट प्रोग्राम्स की शुरुआत की जाए ताकि युवा वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित हो सकें। इस दौरे से मध्यप्रदेश और स्पेन के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सहयोग की संभावनाओं को बल मिला। विश्वविद्यालय श्तर पर छात्र-शिक्षक आदान-प्रदान, शोध परियोजनाएं और भाषाई अध्ययन कार्यक्रमों की अनगिनत संभावनाएं इस दौरे में तलाशी गई। निवेश प्रश्तावों के माध्यम से नए उद्योगों की स्थापना से हजारों युवाओं को मध्यप्रदेश में रोजगार मिलने की संभावना जताई जा रही है।

ला -लीगा (स्पेनिश फ़ुटबॉल लीग) के साथ साझेदारी एक बड़ी पहल है जिससे प्रदेश के युवा खिलाड़ियों का प्रशिक्षण, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और अंतरराष्ट्रीय एक्सपोज़र बढ़ेगा। स्पेन फिल्म कमीशन के साथ फिल्म निर्माण, स्किलिंग, को प्रोडक्शन, फेस्टिवल एक्सचेंज पर भी कई समझौते हुए हैं। इसके अतिरिक्त, स्पेन फिल्म आयोग और स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डिजाइन फर्म 'पॉपुलस' के साथ बैठकों में फिल्म शूटिंग और आधुनिक खेल अधोसंरचना विकास पर भी गंभीर विचार-विमर्श हुआ। एफसी बार्सिलोना फाउंडेशन जैसे संगठनों के साथ खेल, युवा नेतृत्व और जीवन कौशल कार्यक्रमों में साझेदारी की संभावनाएं तलाशी गई। दोनों ने स्मार्ट सिटी, शहरी परिवहन और हरित भवनों के क्षेत्र में भी तकनीकी सहयोग बढ़ाने के लिए एक संयुक्त कार्य समूह के निर्माण पर सहमति जताई। सीएम डॉ. मोहन यादव और कैटेलोनिया के विदेश मंत्री के बीच मध्यप्रदेश के विश्व धरोहर स्थलों खजुराहो, सांची और भीमबेटका को यूरोप में प्रमोट करने के लिए संयुक्त पर्यटन प्रचार अभियान चलाने पर भी चर्चा हुई। इसी तरह इंडीटेक्स के साथ पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन को बढ़ावा देने की पहल का भी स्वागत किया जाना चाहिए।

इस दौरे में आईआईटी इंदौर, आईआईएसईआर भोपाल और बार्सिलोना के विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया है जिससे शिक्षा एवं सांस्कृतिक सहयोग में एक बड़ी लकीर खिंचेगी। स्पेन फिल्म कमीशन के साथ एमओयूएमपी को फिल्म और पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर पहुचायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह चार दिवसीय स्पेन दौरा न केवल निवेश की दृष्टि से सफल साबित हुआ है, बल्कि यह मध्य प्रदेश को हरित, तकनीकी, सांस्कृतिक और निवेश केन्द्रित राज्य के रूप में अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह पहल देश के हृदयस्थल मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की दिशा में अग्रसर करने के साथ-साथ उसे एक वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सधी हुई शुरुआत है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्पेन दौरा मध्यप्रदेश के लिए नवाचार और आर्थिक सहयोग की दृष्टि से भी सफल साबित हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्पेन दौरा मध्य प्रदेश को वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ। इस दौरे ने न केवल एमपी में ग्लोबल निवेश की संभावनाओं को नए पंख लगेंगे बल्कि यह भारत और स्पेन के बीच सांस्कृतिक और तकनीकी सहयोग को भी बढ़ावा देगा। खाद्य प्रसंस्करण, खेल, टेक्सटाइल, डेटा सेंटर, फिल्म निर्माण और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में हुई सकारात्मक चर्चाओं से मध्यप्रदेश में ग्लोबल निवेश को नई गति मिलने की पूरी उम्मीद है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# आदिवासी महिलाओं का संपत्ति पर अधिकार का ऐतिहासिक फैसला

**राज कुमार सिन्हा**

गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि लिंग के आधार पर आदिवासी महिलाओं को उत्तराधिकार के अधिकार से वंचित करना असंवैधानिक है और पैतृक संपत्ति पर उनके समान अधिकार की पुष्टि की है। फैसले में कहा गया है किसी आदिवासी महिला या उसके कानूनी उत्तराधिकारियों को केवल लिंग के आधार पर पैतृक संपत्ति में हिस्सा देने से इनकार करना अनुचित और असंवैधानिक दोनों है।

इस फैसले ने आदिवासी समुदायों में महिलाओं के समान उत्तराधिकार अधिकारों की पुष्टि की है। इस फैसले ने लंबे समय से चली आ रही धारणा को पलट दिया कि ऐसे अधिकारों को प्रतिबंधित करने वाले रीति-रिवाजों को तब तक अशितत्व में माना जाना चाहिए जब तक कि अन्यथा साबित न हो जाए। हालांकि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम (एचएसए), 1956 अनुसूचित जनजातियों (एसटी) पर लागू नहीं होता, फिर भी अदालत ने स्पष्ट किया कि इस अपवाद का यह अर्थ नहीं निकाला जा सकता है कि आदिवासी महिलाएं पैतृक संपत्ति की उत्तराधिकारी नहीं हैं।

अदालत ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जब तक कोई विशिष्ट प्रथागत प्रतिबंध सिद्ध न हो जाए, समानता कायम रहनी चाहिए। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह फैसला छत्तीसगढ़ की एक अनुसूचित जनजाति की महिला के कानूनी उत्तराधिकारियों से जुड़े एक मामले में सुनाया, जिसने अपने नाना की संपत्ति में हिस्सा मांगा था।

उनके दावे का परिवार के पुरुष सदस्यों ने विरोध किया और तर्क दिया कि आदिवासी रीति-रिवाज महिलाओं को उत्तराधिकार से वंचित करते हैं। जबकि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट और नीचली आदालतों से याचिका खारिज कर दिया गया था। इस फैसले ने आदिवासी समुदायों में महिलाओं के समान उत्तराधिकार अधिकारों की पुष्टि की है। इस फैसले ने लंबे समय से चली आ रही धारणा को पलट दिया है कि ऐसे अधिकारों को प्रतिबंधित करने वाले रीति-रिवाजों को तब तक अशितत्व में माना जाना चाहिए जब तक कि अन्यथा साबित न हो जाए।

हाईकोर्ट और निचली अदालतों के निष्कर्षों को पलटते हुए, उच्चतम न्यायालय ने निचली अदालतों के दृष्टिकोण की आलोचना की, जिसमें महिलाओं को उत्तराधिकार की अनुमति देने वाली प्रथा को साबित करने की आवश्यकता बताई गई थी। पीठ ने कहा कि महिलाओं, जिनमें मुकदमे में शामिल महिलाएं भी शामिल हैं, को उत्तराधिकार से वंचित करना अनुचित और भेदभावपूर्ण दोनों है।



न्यायालय ने आगे कहा कि ज़िम्मेदारी किसी भी मौजूदा प्रथा को साबित करने की है जो पैतृक संपत्ति पर उनके अधिकार को प्रतिबंधित करती है। पीठ ने पहले के फैसलों को खारिज करते हुए कहा कि हमारा दृढ़ मत है कि न्याय, समानता और अच्छे विवेक के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, संविधान के अनुच्छेद 14 के व्यापक प्रभाव के साथ, अपीलकर्ता-वादी, संपत्ति में अपने समान हिस्से के हकदार हैं। संविधान का अनुच्छेद 14 कानून के सामने समानता की गारंटी देता है, जबकि अनुच्छेद 15 धर्म, जाति, लिंग, नस्ल और जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव को रोकता है।

यह फैसला व्यापक महत्व रखता है क्योंकि यह आदिवासी समुदायों में लैंगिक न्याय के बारे में चल रही बहस पर पुनर्विचार करता है और उसे और पुष्ट करता है, खासकर संहिताबद्ध व्यक्तिगत कानूनों के अभाव में। हालांकि एचएसए, धारा 2(2) के तहत, अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को इसके दायरे से स्पष्ट रूप से बाहर रखता है, जब तक कि केंद्र सरकार अन्यथा अधिसूचित न करे, सर्वोच्च न्यायालय ने अब स्पष्ट किया है कि इस तरह की वैधानिक चुप्पी संस्थागत असमानता का आधार नहीं बन सकती। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस कृष्ण मुरारी की पीठ ने 2022 में कमला नेती बनाम विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी के केस में आदिवासी महिलाओं के संपत्ति अधिकारों को लेकर एक अहम फैसला सुनाया।

उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 में आवश्यक संशोधन करके आदिवासी महिलाओं को भी संपत्ति में समान अधिकार प्रदान किए जाएं। सुप्रीम कोर्ट के इस मत से यह स्पष्ट है कि कोर्ट आदिवासी महिलाओं को पुरुषों के बराबर संपत्ति पर अधिकार देना चाहता है।

ज्ञात हो कि दिसंबर 2024 के अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने आदिवासी महिलाओं को समान उत्तराधिकार का अधिकार देने से परहेज किया था।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर टिप्पणी देते हुए भारत जन आंदोलन के विजय भाई ने कहा कि परम्परा एवं मौलिक अधिकार (संविधान का मूल ढांचा तत्व) के बीच को व्याख्या करते हुए न्यायमूर्ति ने मौलिक अधिकार को प्राथमिकता दी है। यह भी समझना होगा कि कोई भी परम्परा मौलिक अधिकार के विरुद्ध जाता है तो वो परम्परा खारिज हो जाता है।

इसलिए आदिवासी परम्परा की जब भी बात करेंगे तो हमारी समतामूलक और सामूहिकता तत्वों के साथ - साथ सबसे पहले प्रत्यक्ष लोकतंत्र को ही प्रधानता देना होगा। बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राज कुमार सिन्हा ने कहा कि आदिवासी समुदाय पर संविधान द्वारा प्रदत अनुच्छेद 13 की दुहाई देते हुए रूढ़ी प्रथा के नाम पर अपनी महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक आज़ादी का हनन करने का आरोप भी लगता रहा है। जबकि आदिवासी समुदाय में दूसरे समुदायों से ज्यादा खुलापन है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया यह निर्णय, व्याप्त अंधकार में एक किरण की तरह उभरता है, जो आदिवासी समुदाय में हलचल पैदा करेगा।

**(लेखक बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ से जुड़े हैं)**


स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन।सी।आर। प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
**फोन:** 9899683800 वेबसाइट : www lncrtoday lin **ई-मेल:** todayncr@gmail।com >> ncrtoday@hotmail।com **RNI-**UPHIN/2009/30721

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को ट्रेलर ने मारी टक्कर, चार की मौत; बाबा धाम जा रहे थे श्रद्धालु

**बलिया, एजेंसी।** बलिया के नरहीं थाना क्षेत्र के तेतारपुर गांव से रविवार की दोपहर में 25 श्रद्धालु पिकअप वैन पर सवार होकर बाबा धाम जलाभिषेक करने जा रहे थे। बिहार के बेगूसराय में ट्रेलर ने पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी।

हादसे में लाची देवी (45) पत्नी मुघुन राजभर और हरेंद्र राजभर (60) की मौके पर मौत हो गई। वहीं, मुघुन राजभर (48) और घुरूहू राम (45) एंबुलेंस से घर आते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मुघुन राजभर की पत्नी लाची देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी।

ग्राम प्रधान बृज नारायण राजभर सहित 21 घायलों को घर लाने के बाद इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। मृतकों का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना के बाद तेतारपुर गांव में कोहराम मच गया है। इस दर्दनाक हादसे में कुल चार लोगों की मौत हो गई है।

### बस अड्डे के 30 प्रतिशत हिस्से में यात्री सुविधा केंद्र, शौचालय, पेयजल, जलपान गृह की सुविधा

**आजमगढ़ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश स्टेज कैरिज, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापना व विनियमन) नीति, 2025 को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत निजी क्षेत्र में बस अड्डों की स्थापना को प्रोत्साहित करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस नीति के अंतर्गत वे निजी निवेशक आवेदन के पात्र होंगे जिनके पास नगर पालिका सीमा क्षेत्र से पांच किलोमीटर के भीतर, न्यूनतम दो एकड़ भूमि हो और वह भूमि सात मीटर से अधिक चौड़ी सड़क से सटी हो। नई नीति के तहत बनने वाले बस अड्डे का 70 प्रतिशत क्षेत्र खुला रहेगा, जबकि शेष 30 प्रतिशत हिस्से में यात्री सुविधा केंद्र, शौचालय, पेयजल, जलपान गृह, सुरक्षा व प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य अवस्थापना सुविधाएं 24 गणे 7 उपलब्ध कराई जाएंगी। एआरटीओ प्रवर्तन अतुल कुमार यादव ने बताया कि इच्छुक निवेशक अपना आवेदन आजमगढ़ विकास प्राधिकरण कार्यालय में जमा कर सकते हैं। साथ ही नीति या आवेदन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

### सड़क किनारे सूखे तालाब में पलटी बस, पांच यात्री घायल

**चुर्रासकतपुर , एजेंसी।** बीसलपुर से बरेली जा रही निजी बस चुर्रासकतपुर में पुलिस चौकी के समीप सूखे तालाब में पलट गई। हादसे में बस सवार पांच यात्री घायल हो गए। घायलों को सीएचसी बीसलपुर लाया गया है।

बीसलपुर से बरेली जा रही निजी बस के शनिवार सुबह करीब सात बजे चुर्रासकतपुर में तालाब में पलट जाने से खलबली मच गई। लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। चौकी पुलिस भी पहुंच गई। बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। हादसे में बस सवार दियोरिया कोतवाली के गांव बेनीपुर निवासी अनोखलाल, बीसलपुर के मोहल्ला दुबे के दिनेश शर्मा, मोहल्ला ग्यासपुर के राजू, मानस कुमार और बीसलपुर कोतवाली के गांव रिछोला सबल निवासी मुकेश कुमार घायल हो गए। घायलों को चौकी पुलिस ने सीएचसी बीसलपुर भेजा। जहां उनका उपचार किया गया। हादसे के बाद चालक भाग गया।

### इंस्टाग्राम पर की दोस्ती, प्रेमी संग पंजाब भाग गई दो बच्चों की मां- भटक रहा पति

**गोरखपुर , एजेंसी।** कोतवाली थाना क्षेत्र की एक शादीशुदा महिला इंस्टाग्राम दोस्त के साथ पंजाब भाग गई। उसके दो बच्चे 19 साल की बेटी और 10 साल का बेटा भी है। महिला के पति ने कोतवाली थाने में शनिवार की रात केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर ही है। कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले पति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 42 वर्षीय पत्नी को सोने के जेवरात और दो लाख रुपये दिए थे। दोनों बच्चों के भविष्य को देखते हुए उनकी पढ़ाई के लिए गहने और रुपये सुरक्षित रखने को कहा था।

# आलीशान कोठी से धर्मांतरण... आश्वी बुटीक से विदेश में कारोबार, ईडी के हाथ लगे अहम सुराग







**बलरामपुर , एजेंसी।** छांगुर बाबा धर्मांतरण के साथ विदेश में भी कारोबार फैला रहा था। विदेश के कारोबार में माहिर नवीन के खातों की पड़ताल ईडी कर रही है। छांगुर के गिरोह की पड़ताल में जुटी ईडी के हाथ अहम सुराग लगे हैं।

अवैध धर्मांतरण को संगठित रूप से संचालित करने के लिए छांगुर ने उतरौला में ही एक और अड्डा बना रखा था। ईडी की जांच में इस बात के साक्ष्य मिले कि मधपुर की कोठी से वह धर्मांतरण की प्रक्रिया पूरी करता था। विदेश में कारोबार फैलाने का कार्य सुभाषनगर के आश्वी बुटीक कॉम्प्लेक्स से संचालित कर रहा था।

आश्वी बुटीक को बस दिखाने के लिए दुकान के रूप में विकसित किया गया था, लेकिन बुटीक काले कारनामों का अड्डा था। वहीं पर छांगुर, नवीन और नीतू अपने काले कारनामों से जुड़े सभी सबूत छुपाए हुए थे। इसमें विदेशी खातों से जुड़े अभिलेख के साथ ही एग्रीमेंट भी शामिल थे।

बैंकों से लेनदेन व अन्य कारोबार की जानकारी इसी कॉम्प्लेक्स में बंद थे। ईडी के हाथ जो सबूत मिले हैं, वह छांगुर के करीबी नवीन के सऊदी में कारोबार के साथ ही स्पेन के पनामा में जहाज से जुड़े कार्य के थे। मुंबई में कॉम्प्लेक्स की जानकारी होने के साथ ही बैंकों का रिकॉर्ड भी मिला है। इससे साफ है कि कोठी में छांगुर केवल मजमा लगाता था, असल कारोबार बुटीक से ही चल रहा था।

**एटीएस के निशाने पर छांगुर के करीबी**

अभी छांगुर के कई करीबी एटीएस की पकड़ से दूर हैं। इनमें पिंकी, हाजिरा शंकर, एमेन रिजवी, सगीर भूमिगत हो गए हैं। इन सभी की अहम भूमिका छांगुर के अवैध धर्मातरण में आई है। सगीर के खाते में विदेश से फंड भी आने की सूचना मिली है। ये सभी संगठित रूप से छांगुर के लिए काम करते थे। एफआईआर में नामजद इदुल इस्लाम महाराष्ट्र के नागपुर रहने वाला है, उसकी भी तलाश हो रही है।

**छांगुर के करीबी रहे न्यायालय के बाबू तक पहुंची एटीएसः** छांगुर के साथ पत्नी के नाम पर बलरामपुर जनपद न्यायालय के बाबू राजेश उपाध्याय ने महाराष्ट्र की प्रॉपर्टी में हिस्सेदारी की थी। एटीएस की एफआईआर में उसके कारनामे दर्ज हैं। पत्नी संगीता के नाम से पुणे में 16 करोड़ की जमीन के बिक्री में मुनाफे की हिस्सेदारी थी। एटीएस की टीम शनिवार को बलरामपुर से जानकारी जुटा रही थी। सीजेएम कोर्ट से तो राजेश उपाध्याय हटा दिया गया था, लेकिन अभी ड्यूटी पर था। शनिवार शाम वह लखनऊ के चिनहट स्थित आवास के लिए निकला था। ट्रेन से उसके लखनऊ जाने की सूचना मिली। बताया जा रहा है कि एटीएस ने उसे हिरासत में लिया है, जिससे छांगुर के अधिकारियों से संपर्क के राज का खुलासा होगा। जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

### अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर के सहयोगी बाबू राजेश को एटीएस ने दबोचा

**लखनऊ , एजेंसी।** अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के सहयोगी जनपद न्यायालय में सीजेएम कोर्ट में पेशकार रहे राजेश उपाध्याय को एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को एटीएस गोपनीय तरीके से बलरामपुर पहुंची और छांगुर के करीबी न्यायालय के बाबू राजेश उपाध्याय की जांच की। बताया जा रहा है कि राजेश छांगुर के इशारे पर कोर्ट में केस मैनेज करता था। यही नहीं छांगुर के विरोधियों को फंसाने के एफआईआर के आदेश कोर्ट से जारी करवाने में मदद करता था। छांगुर ने राजेश उपाध्याय की पत्नी संगीता को महाराष्ट्र पुणे की प्रापर्टी में हिस्सेदारी दे रखी थी जिसमें संगीता को मुनाफा दिए जाने का खुलासा एटीएस की जांच में हुआ था। राजेश के बाद अभी और गिरफ्तारी होनी है। एटीएस की टीम बलरामपुर में सक्रिय है।

## रेलवे स्टेशन से तीन साल की बच्ची चोरी

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷




अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर तीन साल की एक मासूम बच्ची प्लेटफार्म से चोरी हो गई। पिता मासूम बच्ची के साथ दिल्ली जाने के लिए स्टेशन आया था और प्लेटफार्म नंबर पॉच पर बच्ची के साथ सो गया था। जब उसकी नींद खुली को बच्ची मौके पर नहीं थी। पिता ने जब बच्ची को आसपास देखा तो वह नहीं मिली।

जिसके बाद उसने तत्काल आरपीएफ व जीआरपी को सूचना दी। बच्ची के गायब होने की सूचना मिलने पर स्टेशन पर हड़कंप मच गया और पुलिस टीमें तत्काल बच्ची की खोज में जुट गई। लेकिन रविवार दोपहर तक बच्ची की कोई जानकारी नहीं मिल सकी। वहीं टीमें लगातार बच्ची की खोजबीन में जुटी हैं।

पुलिस के अनुसार अलीगढ़ के पला रोड निवासी व्यक्ति मेहनत मजदूरी करता है। वह शनिवार रात को अपनी बेटी के साथ दिल्ली जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचा था। वह प्लेटफार्म नंबर पॉच पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। उस समय उसकी बेटी उसके साथ में ही थी। ट्रेन का इंतजार करते हुए व्यक्ति प्लेटफार्म पर ही सो गया जिसके बाद बच्ची टहलते हुए अपने पिता से दूर चली गई।

इसके बाद बच्ची गायब हो गई। बताया जा रहा है कि व्यक्ति ने शराब पी रखी थी, जिसके कारण उसे नींद लग गई थी। जब उसे अपनी बच्ची के गायब होने की जानकारी हुई, तो वह रोते बिलखते हुए थाने पहुंचा और सारी जानकारी पुलिस को दी।

पिता से बच्ची के गायब होने की जानकारी मिलने पर पुलिस तत्काल एक्टिव हुई और रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी खंगालने शुरू किए। जिसमें बच्ची प्लेटफार्म पर पहले अकेले घूमती हुई नजर आ रही है। जिसके बाद उसे एक दंपत्ति अपने साथ ले जाते हुए नजर आ रहे हैं। दंपत्ति तीन साल की मासूम बच्ची को मीनाक्षी पुल होते हुए गांधीपार्क बस स्टैंड की ओर लेकर गए हैं। जिसके बाद आशंका यह जताई जा रही है कि उन्होंने शहर से बाहर जाने के लिए बस पकड़ी होगी। पुलिस अब लगातार मामले की जांच कर रही है जिससे बच्ची को जल्द से जल्द बरामद किया जा सके।

दंपत्ति बच्ची के साथ बस स्टैंड गए थे जिसके बाद वह गायब हो गए। आशंका यह जताई जा रही है कि उन्होंने रात को मुरादाबाद या सादाबाद जाने वाली बस पकड़ी होगी। लेकिन दोनों आरोपी किस बस में चढ़े हैं।

अभी इसकी जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है और लगातार टीमें मामले की जांच कर रही है। रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे में दोनों आरोपी बच्ची के साथ पुलिस को नजर आ गए हैं। वह स्टेशन से बाहर जाते हुए और बस स्टैंड की ओर जाते नजर आए हैं। अब पुलिस सिविल पुलिस की मदद से शहर के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। जिससे कि पता लगाया जा सके कि आरोपी बस स्टैंड से किस ओर गए हैं। अगर वह किसी बस में सवार हुए हैं तो उसका पता लगाया जा सके।

आरपीएफ पोस्ट कमांडर इंस्पेक्टर अमित सिंह ने बताया कि स्टेशन से बच्ची गायब हुई है। पिता की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। जल्दी ही टीमें बच्ची को सकुशल बरामद बरामद कर लेंगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पेट्रोल पम्प सेल्लमैन से लूट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अकराबाद पुलिस ने बीएनएस में वांछित अभियुक्त टिंकू पुत्र भगवान सिंह निवासी जनसोई थाना सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस को लूट के 700 रुपये, तमंचा कारतूस व घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार यू0पी0 81 ए0डी0 8977 सहित विजयगढ़ रोड इण्डेन गैस एजेन्सी के पास से बरामद किया।

पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि मैंने 17 जूलाई 2025 समय करीब 05.22 बजे शाम अपनी कार संख्या यूपी 81 एडी 8977 में भारत पेट्रोल पम्प थाना अकराबाद से पेट्रॉल डलवायी तथा बिना पैसे दिये वहाँ से गाड़ी लेकर भाग गया तथा मेरा पीछा कर रहे सेल्समैन ने मुझे पकड़ लिया और मैने पैसे ऑनलाइन देने की बात कही और मैने सेल्समैन को अपनी गाड़ी में बैठा लिया।

जब मै थोड़ा आगे चला तो मेरे दो साथी लुक्का पुत्र नामालूम व लवकुश पुत्र नामालूम निवासीगण निमाना थाना लोधा जनपद अलीगढ़ को भी अपनी गाड़ी में बैठा लिया और हम तीनों ने सेल्समैन की जेब में रखे 5400 रुपये ले लिये और सेल्समैन को राश्ते में उतारकर भाग गये। लूट के रुपये हम लोगों ने आपस में बराबर -बराबर बाँट लिये जो पैसे मुझे मिले थे उनमें से केवल 700 रुपये बचे है और बाकी पैसे मैने शौक मौज में खर्च कर दिये।

### वाहन चोर गैंग का पुलिस ने किया पर्दाफाश



✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरला अरूण कुमार पंवार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुये दो शातिर वाहन चोर आबिद खांन पुत्र स्व0 अब्दुल खान उम्र करीब 30 वर्ष व दीपक चौधरी पुत्र राजवीर निवासी दतावली उम्र करीब 28 वर्ष थाना बरला जनपद अलीगढ़ को आजादपुर तिराहा से गिरफ्तार किया।

अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिल, दो साइकिल, साईकिल डबल सोकर रंग नीला व दो अन्य मोटरसाइकिल की आरसी जिनका का रजिस्टर्ड नंम्बर यू0पी0 85 बी0सी0 0988 व यू0पी0 81 ए0सी0 2500 व प्लास्टिक के बोरे में मोटरसाइकिल नंम्बर यू0पी0 81 बी0पी 6711 के पुर्जे (मो0सा0 का चेस, इंजन , पूर्ण वायरिंग में स्विच लगे, दो टायर व ट्यूब मोटर साईकिल शीट रंग काला, बैक लाईट, दो साईड पैनल सीट का कवर, बैक साईट मटगार्ड, चैन कवर दो पार्ट में), हैंडिल बार स्टील का, लैग गार्ड स्टील का, हेड लाईट जिस पर हीरो लिखा है, बैक साईड कैरियर बरामद किये। अभियुक्तगण आबिद व दीपक उपरोक्त को गिरफ्तार कर समय से जेल भेजा गया व अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

पूछताछ पर अभियुक्तों ने अपनी दो अन्य साथियों के साथ मिलकर गिरोह बनाकर जनपद अलीगढ़ व आस-पास के जिलों से मोटरसाइकिल चोरी करना बताया। बरामद मोटरसाइकिल रजिस्टर्ड नंम्बर यू0पी0 81 बी0पी0 6711 के पुर्जो के बारे में उक्त मोटरसाइकिल को थाना अतरौली क्षेत्र से चोरी करना बताया है जिसके सम्बन्ध में थाना अतरौली पर बीएनएस पंजीकृत है तथा 2000 रूपये में बेची गई मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस रजि0 नं0 यू0पी0 81 बी0एन0 1704 थाना बरला क्षेत्र से चोरी की थी जिसके सम्बन्ध में थाना बरला पर बीएनएस पंजीकृत है व अन्य के बारे में जानकारी की जा रही है।

### बीडीए का फर्जी नक्शा दिखाकर चार करोड़ ठगने रुपये का आरोपी गिरफ्तार, 15 साल से था फरार

**बरेली , एजेंसी।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) का फर्जी नक्शा दिखाकर लोगों को भूखंड दिलाने का झांसा देकर चार करोड़ से अधिक की ठगी करने के आरोपी खुर्रम गौटिया निवासी दिलीप कुमार को बरेली से गिरफ्तार कर लिया गया। ठगी की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन लखनऊ की टीम कर रही थी। वहां की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी की गिरफ्तारी की और उसे लखनऊ ले गई। दिलीप कुमार कृष्णा आवासीय समिति का संचालक था। उसने बीडीए का फर्जी नक्शा दिखाकर लोगों को भूखंड देने के नाम पर चार करोड़ से अधिक रकम की ठगी की। इसके बाद भूमिगत हो गया था। इस मामले में प्रेमनगर थाने में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हुए थे। वर्ष 2010 में शासन के आदेश पर इन मुकदमों की विवेचना आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन को ट्रांसफर कर दी गई। विवेचना के दौरान दोषी पाए जाने पर न्यायालय ने दिलीप के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

**सुरागकशी से मिली सफलताः** लखनऊ की टीम दिलीप की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। इसके बावजूद वह 15 साल से हाथ नहीं आ रहा था। इस बार टीम को दिलीप के बरेली में होने की सूचना मिली तो शनिवार को उसे दबोच लिया गया। शाम के वक्त टीम उसे लखनऊ ले गई। वहां उससे पूछताछ की जा रही है।

## मेरठ में सीएम योगी ने की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा, बोले- हुड़दंग मचाने, तोड़फोड़ करने वालों पर होगा एक्शन

**मेरठ, एजेंसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को मेरठ पहुंचे और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। सीएम ने साफ कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान हुड़दंग मचाने वाले और तोड़फोड़ करने वालों का बख्शा नहीं जाएगा। सीसीटीवी के माध्यम से उन्हें चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। कानून हाथ में लेने का किसी को हक नहीं है।

मोदीपुरम की शोभित यूनिवर्सिटी में सीएम का हेलीकॉप्टर उतरा। दुल्हेड़ा चौकी के पास लगे स्टेज से सीएम ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। स्टेज पर राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपई, राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, निवर्तमान दर्ज प्राप्त मंत्री पंडित सुनील भराला, कैंट विधायक अमित अग्रवाल समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।



**पूर्व विधायक संगीत सोम को रोकाः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मेरठ आगमन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शोभित यूनिवर्सिटी में सीएम योगी के हेलीकॉप्टर के उतरने का कार्यक्रम था। शोभित विवि के बाहर पूर्व विधायक संगीत सोम को रोक दिया गया। संगीत सोम अपनी गाड़ी से अंदर जाने के लिए अड़ गए, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। इस बीच संगीत सोम इधर उधर फोन घुमाते रहे। काफी देर खड़े होने के बाद वह अपनी गाड़ी से आगे चले गए।

## मां-बेटी को खेत में खींचा, विरोध पर पूरे परिवार को दौड़ा-दौड़कर पीटा

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

खैर थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला और उसकी बेटी के साथ गांव के दबंगों ने छेड़छाड़ और अश्लीलता की। जब दोनों ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी।

दोनों की चीखपुकार सुनकर जब उनके परिवार के लोग बचाने आए तो आरोपियों ने उसने भी मारपीट की। दबंगों ने पीट-पीटकर पूरे परिवार को घायल कर दिया। आसपास के अन्य ग्रामीणों ने जब हंगामा होता देखा तो वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने आरोपियों से पीड़ितों को बचाया।

घटना के बाद पीड़ितों ने खैर थाने में आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह लगभग 6 बजे दोनों मां-बेटी खेतों में शौच करने के लिए जा रही थी। तभी गांव के ही नरेंद्र पुत्र पप्पू और दीपक पुत्र मेघश्याम उन्हें देखकर कमेंट करने लगे।

जब मां ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें हाथ पकड़कर खींच लिया। इसके बाद आरोपियों ने उनके साथ अश्लीलता और छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी।

बेटी ने जब मां को बचाने की कोशिश की तो दोनों आरोपियों ने बेटी को भी पकड़ लिया और उसके साथ भी छेड़छाड़ और अश्लीलता की। जिसके बाद उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। उनका शोर सुनकर परिवार के लोग वहां पहुंच गए और आरोपियों का विरोध किया।

पीड़िता ने बताया कि जब गांव के लोगों ने बीच बचाव कर दिया तो वह सभी वहां से चले आए। इसके कुछ समय बाद आरोपी अपने अन्य आधा दर्जन साथियों के साथ लाठी-डंडा लेकर उनके घर में घुस आए और जमकर मारपीट की।

उनके परिवार की एक महिला जो 8 महीने की गर्भवती है, उससे भी मारपीट की और उसके पेट में लात मार दी। जिसके कारण उसकी हालत खराब हो गई है। पीड़ितों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। खैर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़तिों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है और मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### चारपाई पर मिला महिला का शव, शरीर पर कई जगह चोट के निशान

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

टप्पल थाना क्षेत्र के गांव फौजुआका में शनिवार रात को एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। महिला घर में मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। उसके शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान भी बताए जा रहे हैं। जिसके बाद ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाया है।

वहीं मृतका की बेटियां घटना के समय खेतों में काम करने के लिए गई हुईं थीं। जब वह घर लौटी तो उनकी मां चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। जिसके बाद चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलने पर टप्पल पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम गृह के लिए भेज दिया, जिससे कि मौत के कारण स्पष्ट हो सके। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी ग्रामीण अमृत जैन देर रात गांव में पहुंचे और मामले की स्थिति जांची। उनके साथ डॉग स्कवाएड व फॉरेंसिक की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि अंत्य परीक्षण रिपोर्ट से मौत के सही कारण स्पष्ट हो जाएंगे। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

### जलभरव को लेकर कांग्रेसियों व दुकानदारों का प्रदर्शन

✷ एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

महानगर के मैरिस रोड जहाँ कई जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ राजनैतिक पदाधिकारियों के निवास स्थान हैं इस रोड पर पूर्व विधायक विवेक बंसल के निवास स्थान के सामने से लेकर मैरिस रोड चौराहे तक बना हुआ नाला प्र ति दि न ओवरफ्लो होता जाता है और उसका गन्दा पानी सड़कों भर जाता है जिसके चलते भारी गंदिगी हो जाती है जिससे क्षेत्रीय दुकानदारों, स्कूल के बच्चों और राहजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



इस स्थिति को लेकर विवेक बंसल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने क्षेत्रीय दुकानदारों के साथ मैरिस रोड स्थित सोंगरा हाउस के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि जब अलीगढ़ महानगर का वी.आई.पी रोड कहे जाने वाले मैरिस रोड पर ये हाल है तो पूरे अलीगढ़ महानगर का क्या हाल होगा ये सहज समझा जा सकता नाले अवरुद्ध जिससे वे ओवरफिलो होते हैं और गन्दा पानी सड़कों पर भर जाता है। इस सम्बन्ध में विवेक बंसल ने नगर निगम अधिकारीयों से फ़ोन पर वार्ता की और उनसे मांग की कि मैरिस रोड पर हो रहे जलभराव को समाप्त किये जाने हेतु तत्काल कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर शाहरुख़ खान, आमिल हुसैन, मोहम्मद जियाउद्दीन राही, इन्द्रजीत सिंह, पार्षद बिजेंद्र सिंह बघेल, ब्रजेश सविता, सोनू ठाकुर, मोहम्मद अनवार, यामीन खान मेव, आमिर मुन्तजिर, यादव, मुन्ना ओनेस्टी, सुभाष अरोरा, बिरजू जाटव, भल्ले, सोमवीर यादव आदि के साथ क्षेत्रीय दुकानदार उपस्थित रहे।

बॉक्सिंग डे टेस्टः

# ऑस्ट्रेलिया ने घोषित की अपनी प्लेइंग 11, ट्रेविड हेड हुए फिट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के लिए मेजबान ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इस टीम में ट्रेविस हेड को खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया है। यह बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच होगा जो ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेला जाएगा।

कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि उनकी टीम इस मुकाबले में दो बदलावों के साथ उतर रही है, जिसमें सैम कोन्टास नाथन मैकस्वीनी की जगह लेंगे और स्कॉट बोलैंड चोटिल जोश हेजलवुड की जगह पर खेलेंगे।

19 साल के कोन्टास के लिए यह खास पल होने जा रहा है क्योंकि इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने उनसे कम उम्र का टेस्ट डेब्यूटेंट साल 2011 में उतारा था। तब पैट कमिंस को 18 साल की उम्र में खेलने के लिए टीम में शामिल किया गया था। हालांकि कोन्टास ऑस्ट्रेलिया के सबसे युवा ओपनर होंगे और उस्मान ख्वाजा के साथ उनकी उम्र का अंतर काफी ज्यादा होगा।

वहीं, स्कॉट बोलैंड पिछले 18 महीने में भारत के खिलाफ एडिलेड टेस्ट मैच में बढ़िया वापसी करके अपनी गेंदबाजी की धार का प्रदर्शन कर चुके हैं। हालांकि जोश हेजलवुड की चोट के चलते ही उनकी तब वापसी हुई थी। एक बार फिर से बोलैंड टीम में अपनी काबिलियत साबित करने के लिए तैयार होंगे।

झउन्होंने एडिलेड टेस्ट में शानदार गेंदबाजी की थी, जिसमें कंगारूओं ने 10 विकेट से जीत हासिल की थी। बॉर्डर गावस्कर सीरीज के मौजूदा स्थिति की बात करें तो भारत ने पहला टेस्ट पर्थ में 295 रनों से जीता था। इसके बाद अगले पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर सीरीज बराबर की थी। तीसरा मैच बारिश से प्रभावित रहा और ड्रॉ रहा। यह मुकाबला ब्रिस्बेन के गाबा में खेला गया था। अब दोनों टीमें बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के लिए तैयार हैं।

### चौथे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया प्लेइंग इलेवनः

उस्मान ख्वाजा, सैम कोनस्टास, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड

ICC टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग

## बुमराह ने 904 रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए, अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी की



### ICC टेस्ट बॉलर्स रैंकिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | जसप्रीत बुमराह | इंडिया | 904 |
| 2 | कागिसो रबाडा | साउथ अफ्रीका | 856 |
| 3 | जोस हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 852 |
| 4 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 822 |
| 5 | रविचंद्रन अश्विन | इंडिया | 789 |
| 6 | मैट हेनरी | न्यूजीलैंड | 782 |
| 7 | नाथन लायन | ऑस्ट्रेलिया | 770 |
| 8 | प्रभाथ जयसूर्या | श्रीलंका | 768 |
| 9 | नोमान अली | पाकिस्तान | 759 |
| 10 | रवींद्र जडेजा | इंडिया | 755 |

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ICC टेस्ट बॉलिंग रैंकिंग में 904 रेटिंग पॉइंट्स हासिल कर लिए हैं। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इससे पहले, भारत के लिए अश्विन ने इतने रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए थे। इन दोनों के अलावा कोई अन्य भारतीय यह कारनामा नहीं कर सका है।

अश्विन को इतने रेटिंग पॉइंट्स दिसंबर 2016 में मिले थे। बॉलिंग रैंकिंग में रबाडा दूसरे नंबर पर बुमराह ने अब तक बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीन शुरुआती मैचों में 21 विकेट लिए हैं। वे टेस्ट रैकिंग में टॉप पर बरकरार है। साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा (856) इस समय दूसरे और ऑस्ट्रेलियाई पेसर जोश हेजलवुड (852) तीसरे स्थान पर हैं। हालांकि, रविंद्र जडेजा को विकेट ना मिलने से नुकसान हुआ है और वे टॉप 10 से बाहर हो गए हैं।

केएल राहुल को 10 स्थान का फायदा एडिलेड में शतक के बाद गाबा में 152 रन की शानदार पारी खेलने वाले ट्रैविस हेड 825 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। जबकि तीसरे टेस्ट में उनके हमवतन स्टीव स्मिथ के शतक ने उन्हें एक बार फिर टॉप-10 में पहुंचा दिया है।



### एक ही टीम में भारत-पाकिस्तान के ये खिलाड़ी, अभिषेक शर्मा बने कप्तान, पाक के दो प्लेयर्स को मिली जगह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साल 2024 में इंटरनेशनल क्रिकेट में अलग-अलग देशों की क्रिकेट टीमों के अलग-अलग खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करके विश्व क्रिकेट में अपने नाम का डंका बजाया है. इसमें भारत के अभिषेक शर्मा-नीतीश कुमार रेड्डी से लेकर पाकिस्तान के सैम अयूब और इंग्लैंड के जैकब बेथेल तक का नाम शामिल है. हम आपके लिए साल 2024 के उन युवा और नए सितारों की बेस्ट प्लेइंग इलेवन लेकर आए हैं जिन्होंने इस साल इंटरनेशल क्रिकेट में धमाल मचाया.

साल 2024 की बेस्ट प्लेइंग इलेवन के कप्तान के तौर पर भारत के अभिषेक शर्मा चुने गए हैं. वे ओपनर भी हैं. वहीं उनके बैटिंग पार्टनर हैं पाकिस्तान के सैम अयूब. इसके बाद नंबर तीन पर इंग्लैंड की नई सनसनी 21 वर्षीय जैकब बेथेल हैं. नंबर चार पर भारत के आईपीएल स्टार रियान पराग और पांच पर पाकिस्तान के कामरान गुलाम को जगह मिली है. विकेटकीपर के रूप में इंग्लैंड के 24 वर्षीय के जेमी स्मिथ शामिल हुए. बतौर ऑल राउंडर भारत के नीतीश कुमार रेड्डी 7वें नंबर पर हैं. वहीं गेंदबाजों के रूप में आठवे नंबर पर अफगानिस्तान के अल्लाह गजनफर. नौवें नंबर पर न्यूजीलैंड के विलियम ओरुर्के, 10वें नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के 18 वर्षीय क्वेना मफाका और इस प्लेइंग इलेवन के अंतिम खिलाड़ी इंग्लैंड के शोएब बशीर हैं.



## ऑस्ट्रेलिया की कमज़ोर बल्लेबाजी लाइन-अप का मतलब है कि भारत आगे हैः शास्त्री

**मेलबर्न, एजेंसी।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया की कमज़ोर बल्लेबाजी लाइन-अप का मतलब है कि गुरुवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले भारत आगे है।

पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ फिलहाल 1-1 से बराबर है। मुझे लगता है कि यह काफी कमज़ोर रही है। जब आप इस ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप को देखते हैं, तो मुझे बहुत समय हो गया है जब मैंने ऐसा ऑस्ट्रेलियाई लाइन-अप देखा है जिसमें शीर्ष क्रम इतना कमज़ोर हो।

भारत ने इसका फ़ायदा उठाया है और आगे भी उठाता रहेगा। शास्त्री से कहा, मुझे लगता है कि यह एक शानदार मैच होने वाला है। मुझे लगता है कि भारत इस सीरीज़ को जीत लेगा, जिस तरह से यह सीरीज़ आगे बढ़ रही है। कोई भी विदेशी टीम 1-1 से बराबरी पर हो, खासकर जब मैच पर्थ, एडिलेड और ब्रिसबेन में हो, तो वे इसे जीत लेंगे। बॉक्सिंग डे में 1-1 से बराबरी पर जाना सबसे अच्छी स्थिति है। मैं कहूंगा कि भारत आगे है। उन्होंने सैम कोंस्टास के बारे में भी अपना दृष्टिकोण साझा किया, जो एमसीजी में अपना टेस्ट डेब्यू करने के लिए तैयार हैं, पहले तीन मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद नाथन मैकस्वीनी को बाहर कर दिया गया था। युवा कोंस्टास के लिए सबसे बड़ी चुनौती 21 विकेट लेकर मौजूदा सीरीज में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का मुकाबला करना होगा।

भारत सीरीज में 1-1 से बराबर है और उस आदमी (बुमराह) ने अकेले ही भारत को उस स्थिति में पहुंचा दिया है। जहां तक कोंस्टास की बात है, मुझे लगता है कि वह बहुत तरोताज़ा है। उसके पास प्रतिभा है, वह शानदार है। लेकिन टेस्ट क्रिकेट तो टेस्ट क्रिकेट है। मुझे लगता है कि उसकी तकनीक और बेहतर होगी और वह ऑस्ट्रेलिया का भविष्य बनेगा। शास्त्री ने कहा, मैकस्वीनी बहुत बदकिस्मत था। मुझे लगा कि उसने कड़ी मेहनत की है, लेकिन वह एक मध्यक्रम का बल्लेबाज है। मैं उसे ऑस्ट्रेलियाई टीम के श्रीलंका जाने पर वहां जाते हुए देखता हूं और वहां से अपना करियर फिर से बनाता हूं । लेकिन मुझे लगता है कि कोंस्टास को शामिल करना एक अच्छा कदम है, क्योंकि आपको किसी ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो भारतीय टीम पर आक्रमण कर सके, क्योंकि प्रहार कहीं से भी आ रहे थे।

उन्होंने आगे कहा कि भारत ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतेगा, इससे पहले 2018/19 और 2020/21 में भी भारत ने यहां जीत दर्ज की थी। बहुत बढ़िया। लंबे समय से किसी भी टीम ने ऐसा नहीं किया है। ऑस्ट्रेलिया जब भी यहां आता है, तो वह टीमों पर भारी पड़ता है। भारत के लिए लगातार तीन सीरीज जीतना कुछ खास होगा।

लेकिन उन्हें अच्छा क्रिकेट खेलना होगा। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया इस टेस्ट मैच में कड़ी टक्कर देगा, खासकर गेंदबाजों के साथ। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती बल्लेबाजी होगी। भारत यहां जीतने के लिए आया है, वह यहां नंबर बढ़ाने के लिए नहीं आया है। जब मैं कोच था, तब भी हमारा मंत्र बेहद कड़ी मेहनत, निष्पक्षता और जीत हासिल करना था। आपको ऑस्ट्रेलिया को हराने का तरीका सोचना होगा, न कि सिर्फ प्रतिस्पर्धा करना। आपको सही तरीके से योजना बनानी होगी कि अपने 20 विकेट कैसे लें। भारत ने ऐसा किया है और बहुत आक्रामक रहा है।

शास्त्री ने कहा, वे ऑस्ट्रेलिया के सामने हैं और जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन किया है। यह मनोरंजक और जोशपूर्ण रहा है। भारत आगे है। मुझे लगता है कि बॉक्सिंग डे टेस्ट का पहला दिन तय करेगा कि सीरीज किस तरफ जाएगी। रविचंद्रन अश्विन के अचानक अंतरराष्ट्रीय संन्यास के बाद, शास्त्री ने यह कहते हुए अपनी बात समाप्त की कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम के बल्लेबाजी विभाग में जल्द ही नए चेहरे आएंगे। बल्लेबाजी विभाग में, मैं एक या दो साल में कुछ नए चेहरे देख सकता हूं। जायसवाल युवा हैं। शुभमन गिल काफी युवा हैं, ऋषभ पंत अभी भी बहुत युवा हैं। मिश्रण में काफी अन्य खिलाड़ी हैं जो बहुत जल्द आ सकते हैं।

## मनु भाकर विवाद के बीच अब इस खिलाड़ी का दावा, खेल रत्न पुरस्कार में किया जा रहा भेदभाव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले हरविंदर सिंह ने सवाल किया कि टोक्यो खेलों की तरह इस साल के खेलों में पदक जीतने वालों को खेल रत्न सम्मान क्यों नहीं दिया जा रहा। देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए मनु भाकर के नाम की सिफारिश नहीं किए जाने पर मचे बवाल में अब पैरा तीरंदाज हरविंदर सिंह की एंट्री हो गई है।

उन्होंने मंगलवार को खेल पुरस्कार देने में भेदभाव का आरोप लगाया है। पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले हरविंदर सिंह ने सवाल किया कि टोक्यो खेलों की तरह इस साल के खेलों में पदक जीतने वालों को खेल रत्न सम्मान क्यों नहीं दिया जा रहा। हरविंदर ने इससे पहले टोक्यो खेलों में कांस्य पदक जीता था। इस बार उन्होंने फाइनल में पोलैंड के लुकास सिसजेक को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

### खेलों में भेदभाव

हरविंदर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, खेलों में भेदभाव। उन्होंने कहा, टोक्यो 2020 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया लेकिन पेरिस 2024 पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं का क्या? वही प्रतियोगिता, वही स्वर्ण, वही गौरव - वही पुरस्कार क्यों नहीं? टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली निशानेबाज अवनि लेखरा, भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत को ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के साथ खेल रत्न से सम्मानित किया गया था।

## कोंस्टास दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि वह अच्छे हैं: रिकी पोंटिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि सैम कोंस्टास में भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू में अपनी छाप छोड़ने की क्षमता है, उन्होंने कहा कि किशोर बल्लेबाज में दुनिया को यह दिखाने का जज्बा है कि वह अच्छे हैं। 19 वर्षीय कोंस्टास गुरुवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 90,000 से अधिक प्रशंसकों के सामने बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, उन्हें नाथन मैकस्वीनी की जगह टीम में शामिल किया गया है।

2024 अंडर-19 पुरुष विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम के सदस्य कोंस्टास ने कैनबरा के मनुका ओवल में भारत के खिलाफ अभ्यास मैच में प्रधानमंत्री 11 की ओर से खेलते हुए शतक बनाया था। कोंस्टास ने 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 42.2 की औसत से 718 रन बनाए हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो में कहा, मैंने बहुत कुछ देखा है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वहां बहुत प्रतिभा है। जिस तरह से उन्होंने पीएम 11 मैच में खेला (उन्होंने भारतीयों के खिलाफ 107 रन बनाए), जिस तरह से वह उस रात अपने पहले बीबीएल गेम



में खेलने में सक्षम थे। मुझे पता है कि यह अलग-अलग प्रारूप हैं, लेकिन आप देख सकते हैं कि प्रतिभा वहां है और इसके साथ थोड़ा रवैया भी है। यह कोई बुरा रवैया नहीं है, (लेकिन) ऐसा रवैया है कि वह जानता है कि वह अच्छा है और वह दुनिया को दिखाना चाहता है कि वह अच्छा है। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ कोंस्टास के सामने आने वाली चुनौती के बारे में बात करते हुए पोंटिंग ने कहा, अभी भी एक चुनौती है। यह एक टेस्ट मैच है।

यह आपका पहला टेस्ट मैच है। आप दुनिया के कुछ बेहतरीन गेंदबाजों के खिलाफ खेल रहे हैं। विश्व क्रिकेट में शायद इससे बड़ी कोई चुनौती नहीं है। यह किसी भी अन्य देश की तरह है जो हमारे गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में पदार्पण कर रहा है, जब आपके पास स्टार्क, कमिंस और हेजलवुड हैं।

बुमराह निश्चित रूप से इस समय टेस्ट क्रिकेट में सबसे अलग और शायद अग्रणी तेज गेंदबाज रहे हैं। इसलिए कोंस्टास के लिए वहां एक बड़ी चुनौती होगी, इसमें कोई संदेह नहीं है।

## एशियाड स्वर्ण पदक विजेता एथलीट हिमा दास पर 16 माह का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिमा को बीते वर्ष सितंबर माह में व्हेयर अबाउट फेल्योर के लिए नाडा ने अस्थाई रूप से प्रतिबंधित कर दिया था। नाडा की टीम तीन बार उनके दिए पते पर सैंपल लेने पहुंची, लेकिन तीनों ही बार वह नहीं मिलीं।




जकार्ता एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाली देश की स्टार एथलीट हिमा दास पर व्हेयर अबाउट फेल्योर (टेस्ट के लिए ठिकाने का पता नहीं बताना) के लिए 16 माह का प्रतिबंध लगाया गया है। उन पर यह प्रतिबंध 22 जुलाई, 2023 से लगाया गया है। विश्व एंटी डोपिंग एजेंसी (वाडा) और राष्ट्रीय डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने हिमा पर मामले के आपसी समाधान समझौते के तहत यह प्रतिबंध लगाया है। वरना उन पर दो वर्ष का भी प्रतिबंध लग सकता था। हालांकि इस प्रतिबंध की अवधि इस वर्ष 22 नवंबर को समाप्त हो गई है।

हिमा को बीते वर्ष सितंबर माह में व्हेयर अबाउट फेल्योर के लिए नाडा ने अस्थाई रूप से प्रतिबंधित कर दिया था।

## 235 रन ठोकने वाले केएल राहुल को ओपनिंग से हटाया

इंडिया-ऑस्ट्रेलियाः

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केएल राहुल अब ओपनिंग नहीं करेंगे? टीम में गिल की पोजिशन भी छिन जाएगी? बेशक इन बातों पर आप यकीन करें या नहीं, लेकिन जो उड़ती-उड़ती खबर आ रही है, वो ऐसा होने के संकेत दे रहे हैं. खबरों के मुताबिक, मेलबर्न में खेले जाने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट में केएल राहुल, सीरीज के पिछले 3 टेस्ट की तरह पारी की शुरुआत नहीं करते दिख सकते हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि स्लॉट पर यशस्वी जायसवाल के साथ रोहित शर्मा के ओपन करने की खबरें



चल रही हैं. वहीं केएल राहुल को लेकर कहा जा रहा है कि वो नंबर तीन पर बैटिंग कर सकते हैं. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अब तक नंबर 3 पर शुभमन गिल खेलते दिख रहे थे. लेकिन, मेलबर्न में राहुल के नंबर तीन पर खेलने की खबर का मतलब है कि गिल से उनकी पोजिशन का छिन जाना. शुभमन गिल हो सकता है तब नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते दिखें. वैसे, इससे उतना फर्क नहीं पड़ने वाला जितना असर केएल राहुल को ओपनिंग से हटाकर दिखने वाला है. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पर्थ से ब्रिसबेन तक खेले पहले 3 टेस्ट में केएल राहुल ने हरेक में पारी की शुरुआत यानी कि ओपनिंग की है. इन 3 टेस्ट की 6 पारियों में 47 की औसत से उन्होंने 235 रन बनाए हैं. ऐसा कर वो मौजूदा टेस्ट सीरीज में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं. वहीं, सीरीज में ओवरऑल सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में वो ट्रेविस हेड के बाद दूसरे नंबर के बल्लेबाज हैं.

अब जैसी की खबरें हैं कि केएल राहुल नंबर 3 पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में खेल सकते हैं, तो आइए जान लेते हैं कि इस पोजिशन पर टेस्ट में उनका रिकॉर्ड कैसा है? राहुल ने नंबर पर कुल 5 पारियां खेली हैं, जिसमें उन्होंने 17.60 की औसत से 88 रन बनाए हैं. ये टॉप के किसी भी बैटिंग ऑर्डर पर उनका सबसे बेकार रिकॉर्ड तो है ही.